डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित भोपाल 07.02.2022 से 13.02.2022 वर्ष-36 अंक-06 मूल्य 20.00

मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री से मुलाकात

केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि-पूजन के लिए प्रधानमंत्री को किया आमंत्रित

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मध्यप्रदेश की जनता की ओर से हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को केन-बेतवा नदी परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से भेंट के बाद बताया कि उज्जैन में श्री महाकाल मंदिर परिसर के विस्तार, इंदौर में 'वेस्ट टू वेल्थ' अंतर्गत गीले कचरे से सीएनजी बनाने के प्लांट तथा महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित किए जाने वाले 7 पोषण आहार प्लांट के लोकार्पण में पधारने का निवेदन भी किया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान चर्चा करते हुए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि उज्जैन में श्री महाकाल मंदिर परिसर के विस्तार का कार्य पूर्णता की ओर है। लगभग अप्रैल अंत तक कार्य पूरा हो जायेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा और मंत्र पर अमल करते हुए इंदौर में 'वेस्ट टू वेल्थ' अंतर्गत गीले कचरे से सीएनजी बनाने का प्लांट निर्मित किया गया है। इससे सीएनजी बनेगी और 550 मीट्रिक टन कचरे का निपटारा हो सकेगा।

श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में पूर्व में पोषण आहार बनाने का काम कॉन्ट्रेक्टर करते थे। अब इस काम को महिला स्व-सहायता समूह कर रहे हैं। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप के 7 पोषण आहार प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। इनके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गांव का जन्म-दिन मनाने के लिए ग्रामवासियों को प्रेरित किया जा रहा है। विचार यह है कि एक दिन गांव के सभी लोग एकत्रित होकर गांव का जन्म-दिन मनायेंगे। सभी लोग मिलकर गांव के विकास की कार्य-योजना तय करेंगे और उसके क्रियान्वयन के लिए रणनीति बनायेंगे।

केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 44 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस वर्ष के बजट में केन और बेतवा नदियों को जोड़ने के लिए 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इन दोनों नदियों को जोड़कर जो बांध बनेंगे, उससे लगभग 10 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी और 50 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा। इससे मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में आने वाला बुंदेलखण्ड क्षेत्र लाभान्वित होगा। केंद्र सरकार के इस निर्णय से बुंदेलखण्ड की जनता में हर्ष है।

मध्यप्रदेश में

चिकित्सा पाठ्यक्रम को हिन्दी में पढ़ाने की तैयारी प्रारंभ

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम हिन्दी में किये जाने की घोषणा के परिपालन में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा पाठ्यक्रम को हिन्दी में पढ़ाये जाने की कार्यवाही जारी है।

श्री सारंग द्वारा चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम में हिन्दी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के विषयों के लिए हिन्दी में सप्लीमेंट्री पुस्तकों को तैयार करने के लिये विषय-विशेषज्ञों से चर्चा भी की गई।

प्रथम चरण में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम को पढ़ाते समय चिकित्सा शिक्षकों द्वारा हिन्दी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग किया जायेगा। साथ ही प्रथम वर्ष के चिकित्सा छात्रों की स्टडी कर आकलन किया जायेगा। पहले हिन्दी पृष्ठभूमि के छात्रों का 2 माह अंग्रेजी माध्यम से एवं 2 माह हिन्दी भाषा के उपयोग से पठन-पाठन का आकलन भी किया जायेगा।

द्वितीय चरण में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के 3 विषयों (एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायो-केमेस्ट्री) की पूरक संदर्भ पुस्तकों को हिन्दी भाषा में तैयार किया जायेगा।

खास खबर

होशंगाबाद जिले का नाम होगा नर्मदापुरम्

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम् और बाबई का नाम माखन नगर करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि- 'मुझे तोड़ लेना वनमाली! उस पथ पर देना तुम फेंक, मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जावें वीर अनेक' के कालजयी रचयिता दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मस्थली बाबई का नाम बदल कर 'माखन नगर' करने के आग्रह को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। बाबई के नागरिकों के आग्रह को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आत्मीय आभार। श्री चौहान ने कहा कि भारतीय काव्य के प्रख्यात छायावादी रचनाकार एवं विराट व्यक्तित्व दादा माखनलाल को नमन स्वरूप बाबई अब 'माखन नगर' के नाम से जाना जायेगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण

मध्यप्रदेश में कुपोषण समाप्ति में सहायक होंगे मोबाइल फोन

भोपाल, कुपोषण के कलंक को दूर करने के लिए हम अब अधिक कामयाब होंगे, क्योंकि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की वैज्ञानिक ढंग से जांच हो सकेगी। पहले जहां 11 तरह के रजिस्टर में स्वास्थ्य और पोषण की जानकारियाँ दर्ज करनी होती थीं वहीं अब एक स्मार्ट फोन के माध्यम से यह कार्य आसान हो जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में इस व्यवस्था को लागू किया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में सीहोर जिले की चार आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सुश्री रेखा बरेला, मनीषा प्रजापति, दीपा गोहिया और रेखा कराते को प्रतीक स्वरूप स्मार्ट फोन प्रदान करते हुए कहीं। सीहोर जिले की 1465 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्रेष्ठ कार्य के लिये जिला और राज्य स्तर की आंगनवाड़ी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, गोद लेने वाले व्यक्ति, सुपरवाइजर और महिला बाल विकास अधिकारी पुरस्कृत होंगे।

कुपोषण के खात्मे के लिए चाहिए सभी का सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट फोन कुपोषण समाप्ति का माध्यम बनेगा। बच्चों में कम वजन होना, एनिमिया की समस्या और कद छोटा होना ऐसी विकृतियाँ हैं, जो पर्याप्त भोजन के अभाव में होती हैं। प्रदेश में कुपोषण समाप्ति के अनेक प्रयास हुए हैं, जिसके फलस्वरूप कुपोषण को कम करने में सफलता भी मिली है। लेकिन जब तक सभी बच्चे स्वस्थ नहीं होंगे, हम चैन की साँस नहीं लेंगे। कुपोषण के खात्मे के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। हम दिन रात परिश्रम करके अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री ने गोद ली मथार की आंगनवाड़ी

श्री चौहान ने बताया कि वे सीहोर जिले के आंगनवाड़ी केंद्र, मथार को गोद ले रहे हैं। उन्होंने आंगनवाड़ियां गोद लेने के लिए जन-प्रतिनिधियों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी से बच्चों को सुपोषित करने के कार्य में आसानी होगी। जिन व्यक्तियों ने आंगनवाड़ी गोद ली हैं, वे माह में एक बार वहां का भ्रमण जरूर करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक पोषण मटका रखने और उसमें मूंग, दाल, चना और अन्य खाद्यान्न की व्यवस्था का भी आग्रह किया।

पोषण ट्रैकर एप की नई व्यवस्था

महिला एवं बाल विकास विभाग प्रदेश में पोषण अभियान का संचालन 453 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में स्वीकृत 97 हजार 135 आंगनवाड़ी और मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों से कर रहा है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित वास्तविक समयबद्ध निगरानी मोबाइल आधारित पोषण ट्रैकर एप (एप्लीकेशन) की व्यवस्था की गई है। स्मार्ट फोन से पोषण ट्रैकर एप का उपयोग कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली सेवाओं की दैनिक जानकारी की प्रविष्टि की जाती है।

प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए टीम मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए।

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट अमृत काल का बजट है। यह प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने का समय है। टीम मध्यप्रदेश बिना एक क्षण गंवाएं, प्रदेश के विकास और उन्नति के लिए निरंतर कार्य करे। गौरवशाली, वैभवशाली भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 11 जनवरी, 2022 तक हुई विभागीय समीक्षाओं में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये कहीं। मंत्रालय में समस्त मंत्रीगण, मुख्य सचिव, समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा सचिवों के साथ आयोजित बैठक में केंद्रीय बजट से मध्यप्रदेश द्वारा लाभ उठाए जाने की रणनीति और राज्य बजट 2022-23 में विभिन्न विभागों की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट से, राज्य सरकार जिन-जिन गतिविधियों में लाभ ले सकती है, उसकी प्रत्येक विभाग व्यवहारिक कार्ययोजना बनाए। आवास, शहरी अधोसंरचना, कुटीर, लघु एवं मध्यम उद्यम, औद्योगिक विकास, सड़कों के निर्माण, जल जीवन मिशन के लिए केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों का अध्ययन कर प्रदेश के लिए अधिकतम सहयोग प्राप्त किया जाए।

श्री चौहान ने किसान-कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि कृषि का विविधीकरण, मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहन और प्राकृतिक तथा जैविक खेती राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिपरिषद के जिन-जिन सदस्यों के पास खेती है, वे अपने खेत में प्राकृतिक खेती का मॉडल फॉर्म विकसित करें। इससे लोग प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित होंगे और धरती का स्वास्थ्य सुधारने में मदद मिलेगी। श्री चौहान ने कहा कि नर्मदा नदी के दोनों ओर पांच किलोमीटर की पट्टी पर प्राकृतिक खेती को विकसित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में फसल पैटर्न के बदलाव का कार्य खरीफ की फसलों के साथ आरंभ कर दिया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

29 जनवरी

भारतीय नौसेना में शामिल हुआ लाइट हेलीकॉप्टर एमके-3

● भारतीय नौसेना ने समुद्र में अपनी सामरिक ताकत बढ़ाने के लिये स्वदेशी एडवांस्ड

लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) एमके-3 को औपचारिक रूप से आईएनएस उत्क्रोश में शामिल कर लिया है। नौसेना की अंडमान और निकोबार कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह ने इस विमान को आईएनएस उत्क्रोश में शामिल कराया। एएलएच एमके-3 हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया है। एमके-3 हेलीकॉप्टर उन्नत समुद्री गश्ती रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल पेलोड और नाइट विजन डिवाइस से लैस है। यह विमान भारत के सुदूर पूर्वी समुद्री तट और द्वीप क्षेत्रों को सुरक्षित रखने में एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करेगा। इस हेलीकॉप्टर में लगे अत्याधुनिक सेंसर और हथियार समुद्र में भारत के कौशल को बढ़ावा देने का काम करते हैं।

● इराक की राजधानी बगदाद में स्थित बगदाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉम्प्लेक्स और उससे सटे अमेरिकी वायुसेना के अड्डे पर तीन रॉकेट से हमला किया गया। हमले के कारण एक विमान क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि इस विमान का इस्तेमाल बंद हो गया था। पुलिस के अनुसार इस हमले में किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। इस हमले के पीछे ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों का हाथ माना जा रहा है।

30 जनवरी

अमेरिका में एक मार्च से शुरू होगी एच-1बी वीजा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

● अमेरिका में वित्तीय वर्ष 2023 के लिये एच-1बी वीजा की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एक मार्च से शुरू होगी। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा प्रणाली (यूएससीआईएस) ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एच-1बी वीजा के लिये रजिस्ट्रेशन एक मार्च से 18 मार्च तक किये जायेंगे। इस अवधि के दौरान याचिकाकर्ता और प्रतिनिधि ऑनलाइन एच-1बी वीजा के लिये अपना पंजीकरण करा सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार यूएससीआईएस वित्तीय वर्ष 2023 एच-1बी वीजा के सब्मिट किये गये प्रत्येक पंजीकरण के लिये एक पुष्टिकरण संख्या प्रदान की जायेगी। इस संख्या का उपयोग केवल पंजीकरणों को ट्रैक करने के लिये किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों को विशिष्ट पदों पर रखने की अनुमति प्रदान करता है।

● भविष्य की स्वास्थ्य देखभाल के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल मेडिसन महत्वपूर्ण हैं। यह बात केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जम्मू में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का निरीक्षण करते हुये कही। इस दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि संस्थान की एक विशिष्ट पहचान विकसित करने के लिये भविष्य में इन क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि टेली मेडिसिन और रोबोटिक सर्जरी पहले ही बड़े पैमाने पर उपयोग में है। इन नये विकल्पों की उपयोगिता कोरोना महामारी के समय महसूस की गई है।

31 जनवरी

सेना ने लॉन्च किया राष्ट्रीय एकता गीत

● भारतीय सेना की उत्तरी कमान ने राष्ट्रीय एकता गीत 'प्यारा जम्मू-कश्मीर' लॉन्च किया। इस गाने में जम्मू और कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और विविधता को दर्शाया गया है। इस गाने को सोनू निगम, जावेद अली और हर्षदीप कौर सहित अन्य गायकों ने गाया है। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वाईके जोशी ने इसे लॉन्च किया है।

● इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मतारेल्ला एक बार फिर राष्ट्रपति चुने गये हैं। मतारेल्ला

का कार्यकाल फरवरी 2022 में खत्म होने वाला था, लेकिन अब वे राष्ट्रपति बने रहेंगे। मतारेल्ला को राष्ट्रपति बने रहने के लिये सांसदों और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के 1009 में से 505 वोट की जरूरत थी, उन्हें 759 वोटों का प्रचंड बहुमत मिला। उल्लेखनीय है कि 80 वर्षीय सर्जियो मतारेल्ला ने दूसरे कार्यकाल के लिये मना कर सेवानिवृत्त होने की योजना बनाई थी। इटैलियन संसद में उनके उत्तराधिकारी को लेकर गतिरोध हो गया। नये राष्ट्रपति के लिये सात बार मतदान होने के बावजूद सहमति नहीं बनीं, जिसके बाद मतारेल्ला को राष्ट्रपति पद पर बने रहने के लिये राजी किया गया।

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने लंबी दूरी वाली यात्री बसों और स्कूल बसों में फायर अलार्म और सुरक्षा सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार लंबी दूरी तय करने के लिये बनाई गई यात्री बसों और स्कूली बसों में आग लगने से बचाव के लिये फायर सेफ्टी सिस्टम लगाना जरूरी होगा। अधिसूचना में मोटर वाहन उद्योग मानक-135 के तहत बसों की डिजाइन में बदलाव होना चाहिये।

1 फरवरी

यूएई ने हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले को किया विफल

● संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ से दागी गई एक बैलेस्टिक मिसाइल हमले को विफल कर दिया है। यूएई ने कहा कि हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई मिसाइल को हवा में ही नष्ट कर दिया गया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब इजराइल के राष्ट्रपति आइजक हरजोग यूएई के दौरे पर हैं। यह किसी भी इजराइली राष्ट्रपति की पहली यूएई यात्रा है। यूएई के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा है कि हमले के बावजूद देश का हवाई यातायात सामान्य रूप से जारी है। उल्लेखनीय है कि यमन में यूएई और सऊदी अरब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर लगातार हमले करते रहे हैं। लंबे समय से चल रहे इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गये हैं, जबकि लाखों लोग विस्थापित हुये हैं।

2 फरवरी

यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पांच जून को होगी आयोजित

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यूपीएससी ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षा के लिये आवेदन की प्रक्रिया दो फरवरी से शुरू हो गई है। प्रारंभिक परीक्षा 5 जून को आयोजित की जायेगी। यूपीएससी के अनुसार रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 20 दिन (22 फरवरी, 2022) तक चलेगी। आवेदक आयोग की वेबसाइट upsc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिये पात्र होंगे। मुख्य परीक्षा 16 सितम्बर, 2022 को आयोजित होगी।

● रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना में महिला लड़ाकू पायलटों को शामिल करने की प्रायोगिक योजना को स्थायी करने का फैसला किया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने यह जानकारी देते हुये कहा कि रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना में महिला लड़ाकू पायलटों को शामिल करने की प्रायोगिक योजना को स्थायी योजना में बदलने का फैसला लिया है। यह भारत की नारी शक्ति की क्षमता और महिला सशक्तिकरण का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि सरकार का यह फैसला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिलाओं को प्रवेश का आदेश देने के बाद आया है। सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में यह आदेश दिया था।

● रूस के साथ सीमा पर जारी तनाव के बीच यूक्रेन ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने का फैसला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सैन्य क्षमता बढ़ाने संबंधी फैसले पर हस्ताक्षर किये। इस फैसले के तहत यूक्रेन की अगले तीन वर्षों में सैन्य क्षमता बढ़ाकर एक लाख कर दी जायेगी। इसके अलावा जेलेंस्की ने सैनिकों के वेतन में भी इजाफा किया है। जेलेंस्की ने कहा कि इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि हम रूस के साथ युद्ध चाहते हैं।

3 फरवरी

भारतीय नौसेना ने किया राफेल-मरीन का उड़ान परीक्षण

● भारतीय नौसेना ने फ्रांस में निर्मित लड़ाकू विमान राफेल के समुद्री संस्करण राफेल-मरीन का गोवा में सफल उड़ान परीक्षण किया। इस विमान के लिये स्वदेश में विकसित विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत जैसी परिस्थितियां निर्मित की गईं। नौसेना के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि राफेल-मरीन की प्रतिस्पर्धा अमेरिका में निर्मित सुपर हार्नेट से है। भारतीय नौसेना द्वारा 44 हजार टन वजनी आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिये इन दोनों विमानों का मूल्यांकन किया जा रहा है। रक्षा सूत्रों के अनुसार अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग ने भारत को सुपर हार्नेट या एफ/ए-18 विमानों को बेचने की पेशकश की है। इस विमान का अगले महीने आईएनएस हंसा पर इसी तरह का परीक्षण हो सकता है। उल्लेखनीय है कि आईएनएस विक्रांत का अभी बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में समुद्री परीक्षण चल रहा है। आईएनएस विक्रांत अगस्त, 2022 से सेवा में आ सकता है।

● मालदीव सरकार पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन द्वारा चलाये गये इंडिया आउट अभियान पर रोक लगाने के लिये नया कानून बनाने जा रही है। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने कहा कि भारत सहित अन्य मित्र देशों के खिलाफ मालदीव की जमीन का इस्तेमाल विरोध प्रदर्शन के लिये हो, यह कतई स्वीकार नहीं है। मालदीव सरकार इसके लिये जल्द कानून बनायेगी। इसके जवाब में चीन समर्थित अब्दुल्ला यामीन ने कहा कि प्रदर्शन रोकने के लिये बनाया गया कोई भी कानून असंवैधानिक होगा।

4 फरवरी

पांचवीं स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बी 'वगीर' का पहला समुद्री परीक्षण शुरू

● भारतीय नौसेना ने कलवरी क्लास की पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी 'वगीर' का पहला

समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। इस पुनडुब्बी को मझगांव शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के कान्होजी बेसिन से लॉन्च किया गया। नौसेना में कमीशनिंग के बाद इस पनडुब्बी का नाम वगीर रखा जाएगा। एमडीएल द्वारा बताया गया कि प्रोजेक्ट-75 स्कॉर्पीन कार्यक्रम के तहत दो पनडुब्बी कलवरी और खंडेरी को नौसेना में शामिल किया गया है। वहीं तीसरी पनडुब्बी करंज का अंतिम समुद्री परीक्षण चल रहा है, चौथी पनडुब्बी वेला का समुद्री परीक्षण चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत छठवीं और आखिरी पनडुब्बी वाग्शीर तैयार की जा रही है। नौसेना ने बताया कि पनडुब्बी वगीर समुद्री परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन प्रणाली, हथियार और सेंसर सहित कई गहन परीक्षणों से गुजरेगी।

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस वर्ष अगस्त में अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियान चंद्रयान-3 को लॉन्च करेगा। यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान, अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में दी। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान-2 से मिली सीख और राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के सुझाव के आधार पर चंद्रयान-3 का काम प्रगति पर है। चंद्रयान-3 को अगस्त, 2022 में प्रक्षेपित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि इसरो ने वर्ष 2022 में कुल 19 अभियान लॉन्च करने की योजना बनाई है। इनमें आठ लॉन्च व्हीकल मिशन, सात अंतरिक्ष यान मिशन और चार टेक्नोलॉजी प्रदर्शित करने से संबंधित हैं।

● अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा मटेरियल विकसित किया है, जो प्लास्टिक से हल्का, लेकिन स्टील से भी ज्यादा मजबूत है। इसके अलावा यह मटेरियल बुलेटप्रूफ कांच की तुलना में 4 से 6 गुना ताकतवर है। इस मटेरियल को मैसाच्यूसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है। वैज्ञानिकों के अनुसार जल्द ही स्मार्टफोन की सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण सामानों की सुरक्षा के लिये इस सामग्री का उपयोग किया जा सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित
राज्य वन सेवा
मुख्य परीक्षा-2022
Forestry वानिकी
समय अधिकतम 100 घंटे (45 दिन)
Strategy for Exam
• विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं
• वस्तुनिष्ठ प्रश्न
• Doubt Clearing Session
• पुराने पेपरों का विशलेषण
• ACF/Ranger के पद पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन
पत्राचार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
नौकरी में कार्यरत छात्रों के लिए विशेष
सायं कालीन कक्षाएं शाम 5 से 8
कक्षाएं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
कौटिल्य एकेडमी
मुख्यालय : पायल प्लाजा, मंवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
Ph.: 0731-4226615, 9993071010, 9425068121
R-46591/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 06 07.02.2022 से 13.02.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वार्यगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

टीम भावना से प्रदेश का विकास करें अधिकारी

प्रदेश के विकास के लिये सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। सरकारी कार्यों की जानकारी हर अधिकारी को होनी चाहिये। सभी विभागों के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। एक-दूसरे के विभाग के कार्यों को समझें और विसंगति हो तो तत्काल उसे दूर करने के प्रयास करें। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय में पूर्व की विभागीय बैठकों में दिये गये निर्देशों के पालन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों को दिये गये निर्देशों पर कार्यवाही की नियमित समीक्षा हो, समस्याओं का तत्काल निराकरण हो, योजनाओं में भारत सरकार से अधिकाधिक राशि प्राप्त करने की कोशिश करें। श्री चौहान ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित करने की व्यवस्था करें। समाज की अच्छाई सभी के सामने आये। उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के लिये जल उपयोग शुल्क 500 रुपये प्रति एकड़ निर्धारित किया जायेगा। अधिकारी दौरा करें, इसकी नियमित समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई से सभी संभागीय आईटीआई शुरू कर दिये जायें। तकनीकी शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर ग्रामीण इंजीनियरिंग संवर्ग तैयार किया जाये। नल से घर-घर पानी पहुंचाने के लिये कार्य करें, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें। विधायक भी अपने क्षेत्र में नल जल योजनाओं के कार्यों की मॉनीटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी सिंचाई परियोजनाओं का फील्ड निरीक्षण करें। सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब नहीं हो। केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य प्राथमिकता से पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का तेजी से क्रियान्वयन किया जाये। पुलिस एवं रक्षा सेवाओं में युवाओं की भर्ती के लिये संस्थागत प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये। सीएम राइज स्कूलों को जमीनी स्तर पर शुरू करने के लिये त्वरित कार्यवाही करें। स्कूलों की रैंकिंग करें, योग एवं खेल के लिये शिक्षकों की व्यवस्था और योग आयोग का गठन किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई स्टार्ट-अप नीति और इंक्यूबेशन सेंटर को जोड़कर तेजी से कार्य करें। उच्च शिक्षा में विद्यार्थी जैविक खेती के पाठ्यक्रमों को अधिक संख्या में पसंद कर रहे हैं, ऐसे पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दें। नैक मूल्यांकन के लिये 75 महाविद्यालयों ने तैयारी कर ली है। साथ ही 50 महाविद्यालयों को बहु संकाय महाविद्यालय बनाने का कार्य चल रहा है। यह कार्य निरंतर जारी रहे, शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय शिवपुरी का सुदृढ़ीकरण किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल के मैदान विकसित करने और उनके उपयोग के लिये पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय कर कार्य करें। खेलों को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री कप और विधायक कप प्रतियोगिता आयोजित की जायें। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों और व्यावसायिक संगठनों के माध्यम से निजी स्पॉन्सरशिप को बढ़ाया जाये, ताकि कोई अनाथ बच्चा बेसहारा न रहे। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी गोद लेने के लिये मिलकर काम करें। अभी 55 हजार लोगों ने आंगनवाड़ी गोद ली हैं। प्रदेश में 97 हजार से अधिक आंगनवाड़ियां हैं। आंगनवाड़ी भवनों के अधूरे कार्य तेजी से पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाये। गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम स्वरोज़गार की कार्ययोजना बनाए।

खाना चबाकर खाइये

हमें बचपन से यह सिखाया जाता है कि खाना हमेशा अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिये। इस विषय में समय-समय पर शोध भी होते रहे हैं। अभी हाल ही में जापान के वासेदा विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में यह पाया गया है कि चबाकर खाने और आहार प्रेरित थर्मोजेनेसिस (डीआईटी) के बीच घनिष्ठ संबंध है। डॉक्टर युका हमदा और प्रोफेसर नाओयुकी हयाशी के नेतृत्व में किये गये अध्ययन में सामने आया है कि भोजन को अच्छी तरह से चबाकर खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ ही धीरे-धीरे खाने और अन्न को अच्छी तरह से चबाने से मोटापा और वजन रोकने में मदद मिलती है। हालांकि यह तथ्य एक सदी पहले लोकप्रिय हो चुका है और बाद में छुटपुट वैज्ञानिक अध्ययनों में भी इसकी पुष्टि होती रही है। आमतौर पर देखा गया है कि चबाने से भोजन के चयापचय से संबंधित ऊर्जा की खपत होती है और आंतों की गतिशीलता बढ़ती है। भोजन के बाद शरीर में गर्मी बढ़ती है, जिसे आहार प्रेरित थर्मोजेनेसिस (डीआईटी) के रूप में जाना जाता है। डीआईटी वजन बढ़ाने को रोकने के लिये जाना जाने वाला एक कारक है, जो बुनियादी उपवास स्तर से ऊपर की उर्जा की खपत करती है। इससे पहले और प्रोफेसर हयाशी की टीम ने पाया था कि धीरे-धीरे खाने और पूरी तरह से चबाने से न केवल डीआईटी में वृद्धि हुई, बल्कि पेट की आंत वाले क्षेत्र में रक्त के परिसंचरण में भी वृद्धि हुई। हालांकि इन अध्ययनों ने चबाने से उत्पन्न डीआईटी को पेट में पाचन और अवशोषण से संबंधित गतिविधि में वृद्धि के साथ जोड़ा, लेकिन उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं की खोज के लिये नई गुंजाइश छोड़ी है। हयाशी ने बताया कि हम इस बात को लेकर अनिश्चय की स्थिति में थे कि धीरे-धीरे खाने के बाद पाचन तंत्र में प्रवेश करने वाले भोजन की मात्रा से डीआईटी में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि अभी हमें अन्य पहलुओं को जानने की जरूरत पड़ेगी।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व कैंसर दिवस **4 फरवरी**

समय पर पहचान और समुचित उपचार से कैंसर को हराइये

विश्व कैंसर दिवस प्रतिवर्ष 4 फरवरी को कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम करने, उसकी पहचान सुनिश्चित करने और कैंसर के उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कैंसर के बारे में एक प्रचलित जुमला है कि 'कैंसर से डरिये नहीं - कैंसर से लड़िये'। विश्व के सभी कैंसर चिकित्सक यह मानते हैं कि यदि समय पर कैंसर रोग की पहचान हो जाये और उसका समुचित उपचार किया जाये तो कैंसर को हराया जा सकता है। विश्व कैंसर दिवस, वर्ष 2008 में अंगीकृत किये गए विश्व कैंसर घोषणा पत्र के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल (यू.आई.सी.सी.) के नेतृत्व में मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और इस बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। बहुत से लोग कैंसर को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता का भी सहारा लेते हैं। वर्ष 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनियाभर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य पांच पर केंद्रित किया गया है जो कैंसर के प्रसार को कम करने और मिथकों को दूर करने से सम्बन्धित है।

कम उम्र में कैंसर से मृत्यु की संख्या वर्ष 2025 तक साठ लाख आशंकित

एक सर्वेक्षण के अनुसार दुनियाभर में हर साल लाखों लोग कैंसर से दम तोड़ते हैं, जिनमें से कई लोग समय से पहले अर्थात् तीस से उन्तालिस वर्ष आयु वर्ग में मर जाते हैं। वर्ष 2025 तक, कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर प्रति वर्ष साठ लाख होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में पच्चीस प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल पन्द्रह लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत में पिछले छब्बीस सालों में कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ा है। ब्रेस्ट कैंसर ने सबसे तेजी से अपने पांव पसारे हैं। भारतीय महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ा है। भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कैंसर के मरीजों की संख्या चौदह लाख से ज्यादा है। भारत में हर साल दस लाख मरीज कैंसर की बीमारी का इलाज कराते हैं। पुरुषों में सबसे ज्यादा तादाद फेफड़े के कैंसर के मरीजों की है, जो कि लगभग ग्यारह फीसदी है, जबकि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की तादाद साढ़े सत्ताईस फीसदी है। ग्लोबोकेन संस्था की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले अट्ठारह सालों में भारत में कैंसर की बीमारी का खतरा काफी हद तक बढ़ सकता है। इसी रिपोर्ट में यह आशंका भी व्यक्त की गई है कि वर्ष 2035 तक भारत में कैंसर के सत्रह लाख नये मरीज बढ़ सकते हैं।

असंतुलित जीवन शैली से होने वाली बीमारियों में कैंसर भी एक है

असंतुलित जीवन शैली और खानपान की गलत आदतों के कारण होने वाली बीमारियों को जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां कहा जाता है। ये बीमारियां न तो संक्रमण

से फैलती हैं, न ही आनुवांशिक होती हैं, हां आनुवांशिक कारक इनमें प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। शारीरिक सक्रियता की कमी, तनाव के बढ़ते स्तर, अनिद्रा, जंक फूड के सेवन और गैजेट्स के बढ़ते चलन से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह (डायबिटीज) और अवसाद के साथ ही कैंसर भी प्रमुख हैं। कैंसर केवल एक बीमारी नहीं है, बल्कि कई बीमारियों की चेतावनी है। कैंसर की शुरुआत शरीर के एक भाग या अंग से होती है, लेकिन अगर समय रहते उपचार न किया जाये तो यह शरीर के अन्य भागों और अंगों में भी फैल जाता है। जिसका उपचार मुश्किल हो जाता है। कैंसर से बचाव के लिए एक व्यक्ति को अपना भार औसत बनाये रखना होगा, शारीरिक रूप से सक्रिय बना रहना होगा, धूम्रपान और तम्बाकू के सेवन से बचना होगा, अत्यधिक वसायुक्त भोजन, मिष्ठान्न और मीठे ड्रिंक्स से बचना होगा और पादप उत्पाद को अपने भोजन में अधिक से अधिक शामिल करना होगा।

कैंसर के मरीज, कोरोना संक्रमण में ज्यादा जोखिम वाले संवर्ग में थे

कैंसर रोगियों को कोरोना वायरस से संक्रमित होने का ज्यादा खतरा था इसलिए, महामारी की दूसरी लहर के दौरान कैंसर रोगियों पर ज्यादा ध्यान दिया गया। उन्हें कोविड के प्रोटोकॉल जैसे मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग बरकरार रखना और हाथ को सेनेटाइज करना और कैंसर के मरीजों को घर पर रहना व उनके बचाव के लिए जरूरी निर्देश दिया गया, फेस मास्क और फेस शील्ड को भीड़ में या छोटी और बन्द जगह जैसे अस्पतालों में पहनने, अगर आपको कीमोथेरेपी के लिए जाने की जरूरत है तो अपने मुंह, नाक और आंखों को न छूने को कहा गया, क्योंकि वायरस शरीर में इन अंगों के जरिए दाखिल होता है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण के दौरान कैंसर पीड़ितों को सही भोजन खाने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह भी दी गई, क्योंकि ऐसा करने से उनकी इम्यूनिटी बढ़ती थी।

इस दौरान कैंसर पीड़ितों को अपनी दवा समय पर लेने, इलाज करवा रहे डॉक्टर की सलाह के बाद कोविड-19 के खिलाफ वैक्सीन लगवाने और मजेदार गतिविधियां जैसे गेम्स खेलना, किताबें पढ़ना, अच्छी फिल्मों का देखना, अच्छा म्यूजिक का सुनना, भोजन बनाना और पेंटिंग बनाने में खुद को शामिल करने की सलाह भी दी गई। इतना ही नहीं यह सलाह भी दी कि अगर आपका कोई प्रियजन कैंसर से जूझ रहा है, उसके साथ नियमित तौर पर वीडियो या वॉयस कॉल से संपर्क में रहें, ताकि उनमें अकेला होने का एहसास पैदा न हो। इन सलाहों के माध्यम से कोरोना संक्रमण की दोनों लहर में कैंसर पीड़ित जो ज्यादा जोखिम वाले संवर्ग में थे, उन्हें कोरोना संक्रमण से बचा लिया गया।

कैंसर निदान में वैश्विक अनुसंधान और एकीकृत नैदानिक प्रौद्योगिकी

कैंसर के निदान के लिए किये जाने वाले शोध और अनुसंधान का ही परिणाम है कि दुनियाभर में एक तिहाई मरीज कैंसर के इलाज में कुछ पूरक और एकीकृत नैदानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं। पारम्परिक, पूरक और एकीकृत दवाओं में नैदानिक साक्ष्य के मानचित्रण (मैपिंग) से पता चलता है कि पारम्परिक चीनी चिकित्सा की तकनीक जैसे एक्यूपंक्चर, शरीर की कार्यप्रणाली और ऑर्क्युलोथेरेपी, साथ ही ध्यान, औषधीय पौधों और योग और अन्य संसाधनों के साथ, दर्द, मतली, उल्टी और थकान जैसे रोग की स्थिति और उपचार के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने में सहायता करते हैं। दुनियाभर में चिकित्सा साहित्य के सबसे बड़े प्रसार के साथ चिकित्सकों के लिए कैंसर जर्नल का प्रकाशन करने वाली अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी (ए.एस.सी.ओ.), जो दुनियाभर में कैंसर के उपचार के लिए दिशा-निर्देशों को परिभाषित भी करती है, वह भी वैश्विक स्तर पर पूरक और एकीकृत चिकित्सा के उपयोग का समर्थन करती है। इस अध्ययन के शोधकर्ताओं ने बताया कि संयुक्त राज्य में, दस में से आठ कैंसर पीड़ितों ने 2012 में एकीकृत और पूरक प्रथाओं का इस्तेमाल किया है।

कैंसर के इलाज के लिए सहायता करते हैं कई संगठन

कैंसर का इलाज एक परिवार के लिए वित्तीय बोझ होता है और यदि आप एकमात्र प्रदाता हैं, तो यह बोझ उपचार के दौरान परिवार की आय को रोक देता है। कैंसर के उपचार पर होने वाला व्यय अप्रत्याशित होता है। कैंसर का इलाज और उससे रिकवरी महंगी होती है। निदान, उपचार और रिकवरी के दौरान कई प्रकार की लागतें जुड़ जाती हैं। उपचार का अनुमानित खर्च कैंसर के प्रकार, चरण, उपचार के विकल्प और रिकवरी के आधार पर अलग-अलग होता है। कैंसर का निदान और उपचार कई बार थका देने वाली प्रक्रिया होती है। ऐसे में वित्त पोषण के बारे में चिंता आपकी परेशानी को और बढ़ा देती है। आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ अपनी योजनाओं पर चर्चा कर सकते हैं या वित्त से निपटने के लिए उनकी मदद मांग सकते हैं। इस स्थिति में स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली टीम खर्चों को कम करने के लिए कुछ विकल्प सुझा सकती है। ऐसे वालेंटियर हैं जो वित्तीय परामर्श प्रदान करते हैं या आपको अपने वित्त की योजना बनाने में मदद करते हैं। कई सरकारी कार्यक्रम है, जो आपको कैंसर के उपचार के खर्च का प्रबंधन करने में मदद करते हैं। कई संगठन और गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) हैं जो उन रोगियों को कैंसर के इलाज के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं, जो इसे वहन नहीं कर सकते हैं। इनमें से कुछ संगठन विशेष रूप से कैंसर से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए समर्पित हैं। यदि उपचार में उच्च व्यय होता है, तो रोगी को कुछ संगठनों से सहायता लेनी पड़ सकती है। केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री राहत कोष, श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना या राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष, स्वास्थ्य मंत्री का कैंसर रोगी सहायता कोष, स्वास्थ्य मंत्री का विवेकाधीन अनुदान, सर रतन टाटा ट्रस्ट एंड एलाइड ट्रस्ट्स, रिलायंस फाउंडेशन, इंडियन कैंसर सोसायटी और नरगिस दत्त कैंसर फाउण्डेशन सहित कई संगठन कैंसर पीड़ितों की सहायता करते हैं।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

दन्त शल्य चिकित्सक परीक्षा 2022

विज्ञापन क्रमांक 01/2022/01.02.2022
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन

परीक्षा तिथि
22.05.2022

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14.03.2022

महत्वपूर्ण

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु दन्त शल्य चिकित्सक के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :-
   शैक्षणिक अर्हता **बी.डी.एस. उपाधि या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई समतुल्य उपाधि।**
   अन्य अर्हता **मध्यप्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद में स्थायी पंजीयन**
   रोज़गार पंजीयन - **अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।**
2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र **दिनांक 15.02.2022 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 14.03.2022 (रात्रि 12:00 बजे) तक www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं।
   आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र की सावधानीपूर्वक जाँच कर लें। ऑनलाइन आवेदन पत्रों में दिनांक 20.02.2022 से दिनांक 16.03.2022 तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन सरसरी तौर पर अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।
3. इस विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पदों हेतु दिनांक 22.05.2022 को इंदौर, भोपाल, जबलपुर तथा ग्वालियर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की OMR आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 07.05.2022 से आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के तीन गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन परिणाम, परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों एवं संविदा चिकित्सकों को देय वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।
4. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएँ, परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर आवश्यक होने पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा इसे अंतिम चयन परिणाम आने तक अपरिवर्तित रखें एवं आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
5. **आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।**
6. उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
7. आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों को संधारित नहीं किया जाता है। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मात्र मिलान का कार्य आयोग द्वारा किया जाता है। अंतिम चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रतीक्षासूची में नामांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों को चयन सूची अनुसार विभाग को प्रेषित कर दिया जाता है, जिनके सत्यापन का कार्य विभाग द्वारा नियुक्ति के पूर्व किया जाता है। अतः अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जानकारी आयोग द्वारा उपलब्ध करवाई जाना संभव नहीं है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा किसी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जाएगा तथा सूचना के अधिकार के अंतर्गत इस संदर्भ में प्राप्त आवेदनों को विभाग को अंतरित किया जाएगा।

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से **लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन,** के अंतर्गत **दन्त शल्य चिकित्सक** के निम्नानुसार रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

पद का नाम :- दन्त शल्य चिकित्सक
विभाग का नाम :- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग विभाग, मध्यप्रदेश शासन

कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				कुल
UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD	
46	36	40	52	19	15	12	13	17	06	03	03	03	03	193

Abbreviations:-
UR - Unreserved, SC- Scheduled Caste, ST- Scheduled Tribe, OBC- Other Backward Classes, EWS - Economically Weaker Section
OH - लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पालसी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी
VH - दृष्टिबाधित और कम दृष्टि, HH - बहरे और कम सुनने वाले, MD - ऑटिस्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता

दो पद का विवरण

(A) पद का नाम : **दन्त शल्य चिकित्सक**
(B) श्रेणी : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी
(C) पद स्थिति : अस्थायी
(D) वेतनमान : रुपये 15600-39100+5400 ग्रेड पे तथा राज्य शासन द्वारा समय समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे। **नोट-** उपरोक्त वेतनमान छठे वेतन आयोग अनुसार है। सातवें वेतनमान में तत्स्थानी वेतनमान देय होगा।
(E) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता : बी.डी.एस. उपाधि या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई समतुल्य उपाधि।
अन्य अर्हता : मध्यप्रदेश दन्त चिकित्सा परिषद में स्थायी पंजीयन
रोज़गार पंजीयन - अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

टीप :- विज्ञापन में उल्लेखित अर्हता विभागीय भर्ती नियम तथा विभाग द्वारा प्रेषित माँगपत्र के अनुसार उल्लेखित की गयी है। अतः अर्हता के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा अतः अभ्यर्थी अर्हता विषयक अभ्यावेदन आयोग को प्रेषित न करें।

(F) कर्तव्य : मरीजों की देखभाल एवं उपचार।

तीन **आयु सीमा : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो। आयु संगणना तिथि 01.01.2023**

चार (i) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पद संख्या में वृद्धि परीक्षा परिणाम के पूर्व तक तथा कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।
(ii) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।
(iii) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित पद केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित हैं।
(iv) मध्यप्रदेश के बाहर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।
आयु सीमा में दी गई अन्य छूटों के लिए **परिशिष्ट-2** देखें।

पांच **मध्यप्रदेश सिविल सेवायें (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-**
अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।
ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

छः **महत्वपूर्ण** :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

सात **अधिवार्षिकी आयु :- 65 वर्ष**

आठ **चयन प्रक्रिया :-**
इस विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पदों हेतु दिनांक 22.05.2022 को इंदौर, भोपाल, जबलपुर तथा ग्वालियर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की OMR आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 07.05.2022 से आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के तीन गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन परिणाम, परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों एवं संविदा चिकित्सकों को देय वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

नौ **आवेदन प्रक्रिया** :- उक्त पद हेतु आवेदन पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट-2** का अवलोकन करें।

दस विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएँ, ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा, साथ ही अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए e-mail Address तथा मोबाइल नंबर पर आवश्यक होने पर e-mail तथा SMS Alert भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा उसे अंतिम चयन परिणाम तक अपरिवर्तित रखें एवं आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

बारह विज्ञापन के प्रकाशन में हुई किसी भी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि में सुधार का आयोग का सर्वाधिकार सुरक्षित है।

तेरह अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-
(i) आयु सीमा की छूट **परिशिष्ट -1**
(ii) आवेदन पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियाँ **परिशिष्ट-2**
(iii) ऑप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी जाने वाली ओ.एम.आर. शीट के उपयोग संबंधी निर्देश तथा अन्य अनुदेश **परिशिष्ट-3**

सचिव

परिशिष्ट-1

(एक) उच्चतर आयु सीमा में वर्ग विशेष को देय छूट

(1) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित)/दिव्यांगजन आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा **उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।**

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के नियम 2 (ग) में यथा प्रावधानित भूतपूर्व सैनिक।

(दो) प्रोत्साहन स्वरूप दी गई छूट

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(तीन) संविदा दन्त शल्य चिकित्सकों को अधिकतम आयु सीमा में छूट :-

सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी 5-2-2018-1-3, भोपाल दिनांक 05 जून, 2018 में प्रदत्त अनुदेशों के अनुक्रम में मध्यप्रदेश के किसी शासकीय चिकित्सालय में संविदा के आधार पर दन्त शल्य चिकित्सक के पद पर न्यूनतम पाँच वर्ष कार्यरत रहा है। ऐसे वर्तमान में कार्यरत या पूर्व में कार्यरत रह चुके, संविदा दन्त शल्य चिकित्सक को दन्त शल्य चिकित्सक के समकक्ष एवं उच्चतर श्रेणी के संविदा पद पर, वह जितने वर्ष कार्यरत रहा, उसे निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट मिलेगी। इस छूट सहित अधिकतम आयु विज्ञापन में निर्धारित दिनांक को 55 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टीप :- (1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/योजनाओं के अंतर्गत दी गई छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूट का आधार रखता है, तो उसे आयु सीमा में किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(2) समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूट मध्यप्रदेश राज्य के संदर्भ में है, अतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, महिला तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को देय आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगे।

(सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/आ.प्र./एक, दिनांक 06.08.2012 में निहित व्यवस्था के अनुसार)

नोट :- (01) उपरोक्त परिशिष्ट-1 (एक) (1 से 2) (दो) (1 से 2) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी, किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात् जिन अभ्यर्थियों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। **(केवल संविदा दन्त शल्य चिकित्सकों को उपरोक्त बिन्दु-तीन के अनुसार देय छूट को छोड़कर)**

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. दन्त शल्य चिकित्सक के पद हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन पत्र **www.mponline.gov.in** तथा **www.mppsc.mp.gov.in** वेबसाइट पर भरे जा सकेंगे।
2. अभ्यर्थी अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक अभ्यर्थी नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।
3. अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। उम्मीदवार को प्रोफाइल में पूछी गई सभी जानकारी को ध्यान से भरना चाहिए और इसे सेव करना चाहिए।
4. अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें जिन्हें उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र में उनके फोटो एवं हस्ताक्षर स्पष्ट हैं।
5. सभी उम्मीदवारों को नवीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की छवियों को अपलोड करना आवश्यक है इस हेतु फोटोग्राफ का न्यूनतम आकार 20 KB एवं हस्ताक्षर का न्यूनतम आकार-10 KB होना चाहिए।
6. आवेदन पत्र submit करने के बाद खुलने वाले pop-up window में आवेदक को उसके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएँ अर्थात **उसका नाम, माता पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुनः आवेदन पत्र में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर आवेदन पत्र सबमिट करने पर आवेदन पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन पत्र submit होने के बाद "proceed for payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् अभ्यर्थी को उसका आवेदन पत्र प्राप्त होगा, जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टतः उल्लेखित होगा। आवेदक उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।

7. केवल पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
8. **त्रुटि सुधार सुविधा :-** अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 20.02.2022 से 16.03.2022 तक प्रति त्रुटि सुधार सत्र रुपये 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चात्वर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा। **अनारक्षित श्रेणी हेतु शुल्क रुपये 500 तथा आरक्षित श्रेणी हेतु रुपये 250 निर्धारित है। अतः आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा अनारक्षित श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि रुपये 250 त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त देय होगा, किन्तु अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा आरक्षित श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।**

11. राफेल वराने किस देश के दिग्गज फुटबॉलर हैं?
(अ) इंग्लैंड (ब) बेल्जियम
(स) फ्रांस (द) कोलंबिया

12. फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप-2022 की शुरुआत किस रेस से होगी?
(अ) ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री
(ब) स्पेनिश ग्रांप्री
(स) मियामी ग्रांप्री
(द) बहरीन ग्रांप्री

13. वर्ष 2022 में किस शहर में उबेर कप का आयोजन किया जायेगा?
(अ) बेंगलुरु (ब) क्वालालंपुर
(स) बैंकॉक (द) वुहान

14. वर्ष 2020 में किस देश ने आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) भारत (ब) बांग्लादेश
(स) वेस्टइंडीज (द) न्यूजीलैंड

15. भारत ने एशियन गेम्स-2018 में कुश्ती में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) इनमें से कोई नहीं

16. टोक्यो ओलिंपिक में टेनिस में पुरुष युगल वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश की जोड़ी ने जीता है?
(अ) क्रोएशिया (ब) चेक रिपब्लिक
(स) स्पेन (द) स्विट्जरलैंड

17. लियोनल मेसी ने अंतर्राट्रीय फुटबॉल में कितने गोल किये हैं?
(अ) 55 (ब) 70
(स) 78 (द) 80

18. वर्ष 2021 में किस महिला खिलाड़ी ने फ्रैंच ओपन में एकल खिताब जीता है?
(अ) इगा स्वितेग
(ब) एश्ले बार्टी
(स) बारबोरा क्रेजिकोवा
(द) पाउला बडोसा

19. वर्ष 2020 में किस देश ने थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता था?
(अ) चीन (ब) इंडोनेशिया
(स) जापान (द) डेनमार्क

20. अमेरिकी तैराक जेनी थॉमसन ने ओलिंपिक खेलों में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) पांच (ब) सात
(स) आठ (द) दस

21. इनमें से किस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक नहीं बनाये हैं?
(अ) वीरेंद्र सहवाग
(ब) डॉन ब्रैडमैन
(स) ब्रायन लारा
(द) मैथ्यू हेडन

22. वर्ष 2010 में किस क्लब ने फीफा क्लब वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) इंटर मिलान
(ब) सेन लारेंजो
(स) लिवरपूल
(द) बार्सिलोना

23. कॉमनवेल्थ गेम्स-2018 में किस देश ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था?
(अ) ब्रिटेन (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) भारत (द) स्कॉटलैंड

24. इनमें से कौन-सा दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर आईसीसी हॉल ऑफ फेम-2021 में शामिल हैं?
(अ) ग्रीम स्मिथ (ब) हर्शल गिब्स
(स) शॉन पोलाक (द) जोंटी रोड्स

25. वर्ष 2017 में किस शहर में वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित की गई थी?
(अ) मॉस्को (ब) लंदन
(स) बुडापेस्ट (द) मुंबई

उत्तर

1. (अ), 2. (स), 3. (ब), 4. (द), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (द), 13. (स), 14. (ब), 15. (अ), 16. (अ), 17. (द), 18. (स), 19. (ब), 20. (स), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

DMIC PITHAMPUR JAL PRABANDHAN LTD.
(Formerly Known as Pithampur Jal Prabandhan Company Limited)
CIN : U41000MP2014SGC032618
No. DMICPJPL/INDORE/TECH/2022/17169 Date 04.02.2022

NOTICE INVITING TENDER

DMIC Pithampur Jal Prabandhan Limited office, Indore (formerly known as MPAKVN (I) Ltd., Indore) invites online percentage rate tenders from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mentioned below-

S. No.	Name of work	PAC	Cost of tender form	EMD	Last date of submission
1.	Providing and Laying of 300 mm Dia D.I. K-9 Pipeline from WTP Tarpura Sector-2, Pithampur to Furniture Cluster near Betma Khurd, Tehsil Depalpur, Distt. Indore.	Rs. 340.09 Lakhs + GST	Rs. 17700/- (i/c GST)	Rs. 3,40,100/-	28.02.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system–**http://www.mptenders.gov.in** within 3 days from publication in news paper.
M.P. Madhyam/103570/2022 R-46592/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email-mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 26/2021-22 अन्नपूर्णा मेस के डायनिंग हॉल क्र.-01, क्र.-2, क्र.-3 एवं किचिन में मरम्मत का कार्य पी.टी.एस. जिला-उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_183261) एवं कोतवाली परिसर (डबल स्टोरी) के ब्लाक क्र.-1 से 06 के आवास क्र. ए-01 से एफ-04 में मरम्मत का कार्य जिला-शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_183262) एवं विसबल बैरक में फर्श मरम्मत कार्य जिला-शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_183263) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 15.02.2022 तक खरीद कर सायं 18:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/103573/2022 R-46594/2022 **परियोजना यंत्री**

(पिछले पृष्ठ का शेष)

शासन की सेवाओं हेतु मान्य जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। मध्यप्रदेश शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र मान्य होंगे)।

12. ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी की पात्रता रखने वाले आवेदक ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र।
13. मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
14. महिला आवेदकों हेतु विवाहोपरांत/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति।
15. दिव्यांगजन होने की स्थिति में दिव्यांगता विषयक मेडिकल बोर्ड का वैधता प्रमाण पत्र जिसमें दिव्यांगता के प्रकार एवं दिव्यांगता के प्रतिशत का स्पष्ट उल्लेख हो। (इस प्रमाण पत्र की वैधता अवधि समाप्त न हुई हो।)
16. भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र की प्रति।
17. शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति। (अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न हुआ हो तो विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु प्रस्तुत पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।)
18. अन्य कोई प्रमाण पत्र (यदि हो जिसका ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लेख हो की छायाप्रति।)

07. उपरोक्तानुसार क्रम में प्रमाण पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर दिनांक 02.03.2022 तक आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन आवेदकों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही आवेदक को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाये गये परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020 के लिये अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित शिथिलीकरण का लाभ नहीं लिया है उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है। जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांक के बराबर या अधिक हैं।
3. महिला आरक्षण में आरक्षित वर्ग की वे महिला अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित शिथिलीकरण का लाभ नहीं लिया है उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है। जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांक के बराबर या अधिक हैं।
4. राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी। साक्षात्कार की विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर जारी कर दी जाएगी।
5. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
6. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
7. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह प्रत्याशियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिये आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।
8. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई भी तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।
9. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक WP-25181/2019, WP-542/2021 तथा संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
10. आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख दिनांक 02.03.2022 तक निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

प्रति,

सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया,
इंदौर (म.प्र.)-452001

लिफाफे पर **राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020 (सहायक यंत्री सिविल, सहायक यंत्री विद्युत, उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.)** के साक्षात्कार हेतु अभिलेख अवश्य लिखें।

जी-22291/46590/2022 **परीक्षा नियंत्रक**

समावेशी स्वरूप में हो जनजातीय विकास के कार्य - राज्यपाल

भोपाल, मौलिकता, जनजातीय समाज को मिली अनुपम देन है। सभी जनजातियों में विशिष्ट मौलिकता और प्रतिभा है। उनकी मौलिकता और प्रतिभा को पहचान कर, उनको निखारने और संवारने का प्रयास करना जरूरी है। जनजातीय विकास कार्यों को समावेशी स्वरूप में संचालित किया जाए, जिसमें सब जनजातियों का विकास हो। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन में जनजातीय कार्य विभाग और ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के अधिकारियों के साथ प्रदेश की जनजातियों की परम्परागत शिल्प कलाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों पर राजभवन में चर्चा करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की जनजातियों की सतत् आजीविका के प्रयास नियोजित और समावेशी स्वरूप में किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी जनजाति बहुल 89 विकासखंडों में आजीविका विकास के कार्य संचालित हों। उन्होंने जनजातीय शिल्पकला को संरक्षित करने के साथ ही उनके विस्तार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उन्मुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन, जनजातीय कलाकृतियों, हस्तशिल्प उत्पादों की मांग के केंद्रों और बाजारों को चिन्हित कर उत्पादों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने, प्रदर्शन और विक्रय के नए अवसरों को तलाशने के लिए कहा है।

श्री पटेल ने जनजातीय शिल्प और कला के नवोदित शिल्पकारों, कलाकारों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर बल दिया। साथ ही नवोदित कलाकारों की कृतियों और उत्पादों को शासकीय आवश्यकताओं के क्रय में प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि लघु एवं कुटीर उद्योगों द्वारा आयोजित किए जाने वाले मेलों में जनजातीय उत्पादों को शामिल करें। उन्हें रियायती दर पर स्टॉल उपलब्ध कराएं। जनजातीय सम्मेलनों में समुदाय के नेतृत्व की भागीदारी पर विशेष बल देते हुए कहा कि उन्हें समाज कल्याण और विकास के प्रयासों की जानकारी प्रसारित करने का माध्यम बनाएं। सामुदायिक रेडियो में सिकल सेल एनीमिया रोग के संबंध में सहज और स्पष्ट स्वरूप में जानकारियों के कार्यक्रम किए जाएं। विषय-विशेषज्ञों के द्वारा रोग के संबंध में जन-जागृति लाई जाए। उन्होंने जनजातीय स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर और अधिक ध्यान देने के लिए कहा है।

प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने विभागीय गतिविधियों और अभिनव पहल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल में एक दिवस जनजातीय लिटरेचर पर केंद्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के 52 किलों को चिंहित कर पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन पर्यटन केंद्रों से होने वाली आय स्थानीय जनजातीय समितियों को प्रदाय की जाएगी। जनजातीय उत्पादों को प्रसंस्कृत कर विक्रय व्यवस्थाओं के लिए बैतूल, खंडवा में फूड पार्क का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। उन्होंने बताया आठ जनजातीय कलाओं और कोदो कुटकी खाद्यान्न को जी.आई. टैग दिलाने के प्रयास प्रक्रियाधीन हैं।

पेंशनरों को अब डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करना होगा आसान

पोस्टमैन जनरेट करेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

भोपाल, मध्यप्रदेश में अस्वस्थ, अति वरिष्ठ पेंशनर्स और परिवार पेंशनरों की सहूलियत के लिये डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की व्यवस्था लागू की गई है। वित्त विभाग ने सभी विभागों को उक्त व्यवस्था से अवगत कराया है। अब पोस्टमैन द्वारा बायोमेट्रिक डिवाइस से पेंशनर का सत्यापन करते हुए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जनरेट कर जीवन प्रमाण पोर्टल पर अपडेट किया जा सकेगा।

अस्वस्थ एवं अति वरिष्ठ पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिये नियत केंद्र या कियोस्क तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के पेंशनर और परिवार पेंशनरों के लिये कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुरूप इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिये डोर स्टेप सर्विस सेवा अतिरिक्त विकल्प के रूप में सशुल्क प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

वैकल्पिक व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र, पोर्टल के साथ इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक या पोस्ट ऑफिस से संपर्क कर नियत शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। पेंशनर और परिवार पेंशनर को मूलभूत जानकारी जैसे पेंशन आईडी, पेंशन पेमेंट ऑर्डर, पेंशन वितरण विभाग, संस्था, बैंक वितरण, मोबाइल नंबर, आधार नंबर आदि जानकारी पोस्टमैन को उपलब्ध करानी होगी।

सड़क मार्गों के निर्माण से आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी नई गति

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में बनेंगी रिंग रोड

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के साथ चर्चा करते हुये।

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली प्रवास में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री गडकरी से भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में भारतमाला परियोजना में बायपास, रिंग रोड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्री चौहान ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी द्वारा मध्यप्रदेश के लिए किए जा रहे सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न कार्यों के लिए निरंतर स्वीकृतियां प्राप्त हो रही हैं। अटल एक्सप्रेस-वे से जुड़े कार्यों की अनेक बाधाएं भी समाप्त की गई हैं, जिससे सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने में आसानी होगी। प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ अधोसंरचना स्थापित करना राज्य शासन की पहली प्राथमिकता है। श्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से प्रदेश के 56 शहरों में 750 करोड़ रुपये की लागत से आंतरिक सड़कों को सुदृढ़ बनाने और निर्माण भारतमाला परियोजना के प्रथम चरण में 5 बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सागर के छूटे हुए हिस्से में बायपास/रिंगरोड के निर्माण पर चर्चा की।

सार्थक प्रयास, सार्थक वार्ता

मुख्यमंत्री ने श्री गडकरी से मुलाकात के बाद कहा कि ग्वालियर चंबल क्षेत्र से गुजरने वाला 404 किलोमीटर लंबा अटल प्रगति पथ (एक्सप्रेस-वे) मध्यप्रदेश के विकास को गति देगा। यह पथ चंबल और ग्वालियर क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। क्षेत्र के नगरों, कस्बों और छोटे-बड़े सभी ग्रामों की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण की दिक्कतों को दूर किया है।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के 5 महत्वपूर्ण शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं सागर के रिंग रोड के छूटे हुए हिस्सों को एनएचएआई के माध्यम से शीघ्र पूरा कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन रिंग रोड से औद्योगिक केंद्र तथा लॉजिस्टिक हब विकसित करना आसान होगा। उन्होंने बताया कि भोपाल शहर का 75 प्रतिशत रिंग रोड निर्मित है। शेष 25 प्रतिशत लम्बाई में मण्डीदीप से इंदौर रोड तक रिंग रोड बनाया जाना आवश्यक है। यह प्रस्तावित रिंग रोड एनएच-64 (भोपाल-औबेदुल्लागंज) को स्टेट हाई-वे क्रमांक-28 (भोपाल-देवास) से जोड़ेगी।

इसी प्रकार इंदौर शहर की रिंग रोड का आधा हिस्सा पूर्व से मौजूद है। रिंग रोड के पश्चिमी हिस्से की योजना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाई गई है। यह प्रस्तावित रिंग रोड एनएच-52 (आगरा-मुम्बई) को जोड़ेगी।

जबलपुर शहर के लिए प्रस्तावित रिंग रोड राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 (जबलपुर-रीवा), एसएच क्रमांक-55 (जबलपुर-दमोह), एनएच-45 (जबलपुर-भोपाल), एनएच-30 (जबलपुर-नागपुर), एनएच-30 (जबलपुर-मण्डला), एनएच-45 (जबलपुर-अमरकंटक) को जोड़ेगी।

ग्वालियर शहर में पूर्वी/दक्षिण की तरफ 42 किलोमीटर बायपास निर्मित है। शेष 28 किलोमीटर में प्रस्तावित रिंग रोड है। प्रस्तावित रिंग रोड एनएच-44 (ग्वालियर-झांसी) से प्रारंभ होकर एनएच-46 (ग्वालियर-गुना) को जोड़ेगी।

इसी प्रकार सागर शहर में भारतीय राष्ट्रीय राज्यीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बरखेड़ी से गढ़पहरा तक 28 किलोमीटर लम्बाई का मार्ग प्रस्तावित है, जिसकी निविदा प्रक्रियाधीन है। इसके निर्माण से बीना-भोपाल-इंदौर के यातायात को सुगमता मिलेगी। कटनी-जबलपुर से भोपाल-बीना जाने वाले यातायात की सुगमता के लिए रिंग रोड का निर्माण आवश्यक है। यह रिंग रोड एनएच-146 (भोपाल-सागर) एवं एनएच-44 (जबलपुर-लखनादौन) से एनएच-934 (सागर-कानपुर) को जोड़ेगा। सागर के दक्षिणी और एनएच 146 (भोपाल-सागर) को एसएच 21 (सागर-रेहली) को जोड़ेगी।

नर्मदा एक्सप्रेस-वे प्रदेश की हॉरिजेंटल इंडस्ट्रियल बैकबोन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित नर्मदा एक्सप्रेस-वे प्रदेश में औद्योगिक, पर्यटन गतिविधियों के विकास की रीढ़ साबित होगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना अमरकंटक (कबीर चबूतरा) से मध्यप्रदेश गुजरात सीमा तक बनायी जाना प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश के 10 जिले अनूपपूर, डिंडौरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, रायसेन, सीहोर, देवास, इंदौर, धार और झाबुआ जुड़ेंगे। साथ ही 8 जिलों शहडोल, रीवा, भोपाल, हरदा, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी एवं अलीराजपुर को फीडर रूट्स से जोड़ा जाएगा।

सभी वर्गों को अधिकार संपन्न बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

भोपाल, संत रविदास अद्भुत संत थे। उनके द्वारा समाज को जोड़ने के लिए किए गए प्रयासों का व्यापक प्रभाव रहा है। संत रविदास जयंती पर संपूर्ण प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। राज्य सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास की अवधारणा के साथ जन-भागीदारी से सामाजिक अधिकारों को सामाजिक समरसता के साथ सभी वर्गों तक पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में संत रविदास जयंती समारोह के संबंध में निवास कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह और प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण और जनजातीय कार्य डॉ. पल्लवी जैन गोविल उपस्थित थीं।

उल्लेखनीय है कि संत रविदास जयंती-16 फरवरी को भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिला मुख्यालयों

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में संत रविदास जयंती समारोह के आयोजन संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये।

और प्रदेश की 22 हजार 710 पंचायतों में भी कार्यक्रम किए जाएंगे। भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को मुख्यमंत्री श्री चौहान संबोधित करेंगे। संत रविदास जी के भजनों का प्रस्तुतिकरण भी होगा। कार्यक्रम का दूरदर्शन सहित विभिन्न टीवी चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

जिला तथा पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सभी कार्यक्रमों में संत रविदास के भजनों का गायन होगा और स्थानीय जनप्रतिनिधि संत रविदास के विचारों पर उद्बोधन देंगे।

मास्क ही है जिंदगी अभियान में 6 लाख 57 हजार 347 मास्क वितरित

मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा है रोको-टोको अभियान

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'मास्क ही है जिंदगी' अभियान में 2 फरवरी तक 6 लाख 57 हजार 347 मास्क वितरित किए जा चुके हैं। यह अभियान 20 जनवरी को सभी नगरीय निकायों में एक साथ शुरू हुआ था।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि नगरीय निकायों द्वारा 'रोको-टोको' अभियान में अभी तक 6 लाख 79 हजार 253 घरों में संपर्क किया जा चुका है। नागरिकों को कोरोना से बचाव के संबंध में जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। लगभग 10 हजार 846 ऑनलाइन चर्चाएं आयोजित की गई हैं। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से भी लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शहरों में होर्डिंग और वॉल-पेंटिंग के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

2683 मास्क बैंक स्थापित

अभी तक नगरीय निकायों में जन-सहयोग से 2683 मास्क बैंक स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा 2 लाख 88 हजार 149 मास्क दान स्वरूप दिये जा चुके हैं।

2 फरवरी को 55 हजार 680 मास्क वितरित

श्री सिंह ने बताया है कि 2 फरवरी को नगरीय निकायों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 55 हजार 680 मास्क वितरित किये गये हैं। भोपाल संभाग के नगरीय निकायों में 5 हजार 811, चंबल में 1441, ग्वालियर में 17 हजार 644, इंदौर में 5 हजार 396, जबलपुर में 5 हजार 552, नर्मदापुरम् में 2100, रीवा में 6 हजार 349, सागर में 6 हजार 883, शहडोल में 1389 और उज्जैन संभाग के नगरीय निकायों में 3,115 मास्क वितरित किये गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर स्कूल खोलने का लिया जाएगा निर्णय - मुख्यमंत्री

भोपाल, कोरोना के एक्टिव केस तीन दिन से लगातार घट रहे हैं। प्रदेश के बड़े शहरों इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में कोरोना के केस कम होने लगे हैं। अस्पतालों में बहुत ही कम संख्या में कोरोना के मरीज भर्ती हैं। स्कूल खोलने के संबंध में विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना के नियंत्रण एवं बचाव की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने स्कूलों को खोलने पर चर्चा करते हुए कहा कि अन्य राज्यों में कोरोना की स्थिति देखते हुए आगे निर्णय लिया जायेगा। विशेषज्ञों से भी सलाह ली जायेगी। पूरा विचार-विमर्श करने के बाद ही स्कूल खोले जायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में अभी 67 हजार 945 एक्टिव केस हैं। देश में भी कोरोना के केस कम होने लगे हैं। प्रदेश में कोरोना की टेस्टिंग अच्छी चल रही है। कोरोना मरीजों के ठीक होने की संख्या भी बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना नियंत्रण एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

श्री चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि होम आइसोलेशन के मरीजों को आवश्यक समझाइश और दवाइयां समय पर दी जायें। होम आइसोलेशन से अस्पतालों में मरीज बहुत कम संख्या में भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि 15-17 वर्ष के किशोरों का वैक्सीनेशन अच्छा कार्य हुआ है। वर्तमान में भोपाल की पॉजिटिविटी दर इंदौर से ज्यादा है। सीहोर सहित अन्य जिलों में अचानक पॉजिटिविटी दर बढ़ गई है। आगामी 15 फरवरी तक कोरोना के प्रकरणों में कमी आने की संभावना है।

सौर ऊर्जा के लिए 19,500 करोड़ रुपये के प्रावधान पर प्रधानमंत्री का आभार

भोपाल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने केंद्रीय बजट 2022-23 में सौर ऊर्जा के लिए 19 हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रिया अदा किया है। श्री डंग ने कहा कि बजट देश के वर्ष 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होगा।

ग्रीन ऊर्जा से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान बढ़ने से परम्परागत ऊर्जा से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आयेगी। सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से कोयला भण्डारों का क्षय और प्रतिवर्ष 38 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आयेगी। श्री डंग ने संस्थाओं और लोगों से सूर्य की अक्षय ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर अपने बजट को किफायती और वातावरण को प्रदूषण रहित बनाने की अपील की है।

पढ़ना-लिखना अभियान और प्रौढ़ शिक्षा मोबाइल एप का शुभारंभ

भोपाल, निरक्षरों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना समाज में सभी की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्ष 2030 तक युवा एवं प्रौढ़ साक्षरता दर को 100 प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्थागत, व्यक्तिगत और सामाजिक संगठन से जुड़े सभी व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह बात स्कूल शिक्षा और सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश में संचालित 'पढ़ना-लिखना अभियान' और अप्रैल 2022 से प्रारम्भ होने वाले 'नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के संचालन के लिए प्रौढ़ शिक्षा मोबाइल एप का शुभारंभ करते हुये कहीं। श्री परमार ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के निरक्षर व्यक्तियों की निरक्षरता उन्मूलन के लिए साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

श्री परमार ने बताया कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा निरक्षरों को साक्षर करने के लिये मार्च 2022 तक पढ़ना-लिखना अभियान संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है और इसके पश्चात् यह कार्यक्रम नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के नाम से अप्रैल 2022 से 2027 तक संचालित होगा। श्री परमार ने दूरदराज के अक्षर साथियों से इस अभियान से जुड़ने और पंजीयन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को एक साक्षर समाज के निर्माण में सरकार के अभियान में जुड़कर नए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग देना चाहिए।

संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस. ने बताया कि एप के माध्यम से जहां निरक्षरों का चिन्हांकन, सत्यापन और बुनियादी साक्षरता कक्षाओं का संचालन हो सकेगा वहीं अक्षर साथियों (पठन-पाठन कराने वाले स्वयंसेवक) को पठन-पाठन सामग्री मार्गदर्शिका उपलब्ध हो सकेगी। इसके अतिरिक्त निरक्षरों के मूल्यांकन परीक्षा प्रबंधन आदि कार्य भी हो सकेंगे। यह एप 'पढ़ना-लिखना अभियान' के अंतर्गत एनआईसी के सहयोग से विकसित किया गया है। राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सहयोग से बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित कर सफल नवसाक्षरों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाएंगे। इसके साथ ही अक्षर साथियों को समय-समय पर उत्तम योगदान के लिए पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये जाएंगे।

साक्षरता की स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के अलीराजपुर, बड़वानी एवं झाबुआ जिलों में सघन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संगठनों, संस्थाओं और इच्छुक व्यक्तियों (जैसे- स्थानीय शिक्षक, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी, स्थानीय शिक्षित व्यक्ति, एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट गाइड और शिक्षा महाविद्यालयों के प्रशिक्षणार्थी आदि) का सहयोग लिया जाएगा।

उद्यानिकी कृषकों के सुझाव पर बनेगी विभाग की कार्य-योजना

भोपाल, उद्यानिकी विभाग की वर्ष 2022-23 की कार्य-योजना उद्यानिकी कृषकों के सुझाव पर बनाई जाएगी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने मंत्रालय में हुई विभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही।

श्री कुशवाह ने कहा कि वे स्वयं उद्यानिकी कृषकों से संभागवार बैठक कर सुझाव लेंगे। संभागीय बैठकों में प्रत्येक जिले से 20 से 40 कृषकों को आमंत्रित किया जाएगा। कृषकों से चर्चा कर उद्यानिकी विभाग में प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों पर सुझाव लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर आगामी वर्ष की विभागीय कार्य-योजना बनाई जाएगी।

श्री कुशवाह ने कहा कि जिला स्तर पर माली प्रशिक्षण केन्द्र बनाये जायेंगे। प्रत्येक जिले में एक नर्सरी को माली प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में चिन्हित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार इच्छुक युवाओं और व्यक्तियों को माली कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो 3 माह की अवधि का होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

गेट वे ऑफ एक्सीलेंस फॉर संस्कृत

गार्गीस (GARGI'S)

Govt. Adarsh Residential Girls Institute For Sanskrit, Bhopal

कक्षा 6ठी हेतु प्रवेश चयन परीक्षा वर्ष 2022-23

प्रदेश की छात्राओं के लिये संस्कृत, भाषा एवं साहित्य के साथ आधुनिक विषयों की उच्च गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क तथा आवासीय शिक्षा

प्रवेश हेतु उपलब्ध सीट : कक्षा 6ठी- 30

- कक्षा 6ठी से 12वीं तक संस्कृत भाषा एवं साहित्य की नि:शुल्क शिक्षा।
- परिपूर्ण सुविधायुक्त आवासीय छात्रावास।
- नि:शुल्क स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था।
- स्मार्ट क्लासेस से शिक्षण।
- उच्च प्रशिक्षित शिक्षक- एम.एड./बी.एड.।
- खेल/योग/एन.एस.एस./ एन.सी.सी./स्काउट-गाइड/संगीत/पेंटिंग/रायफल शूटिंग/नाट्यशास्त्र/पाककला/ कराटे/नृत्य/हस्तकला की पाठ्येत्तर गतिविधियां।
- सुसज्जित प्रयोगशाला एवं STEAM लैब।
- सुसज्जित पुस्तकालय।
- विशेष प्रोजेक्ट/कार्यशालाओं के अन्तर्गत छात्राओं हेतु सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्लान।
- छात्राओं में अन्तर्निहित क्षमता के विकास हेतु पृथक-पृथक कार्यक्रम।
- कक्षा 11वीं-12वीं की छात्राओं हेतु वास्तुविज्ञान, ज्योतिष एवं पौरोहित्यम् में डिप्लोमा की अतिरिक्त सुविधा।
- परम्परागत् संस्कृत के साथ कक्षा 6ठी से 10वीं तक NCERT पाठ्यक्रम आधारित उच्च गुणवत्तायुक्त आधुनिक विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में शिक्षण एवं कक्षा 11वीं एवं 12वीं में परम्परागत् संस्कृत शिक्षण के साथ NCERT पाठ्यक्रम अनुसार विज्ञान/गणित/कॉमर्स/कला में शिक्षण। सभी कक्षाओं में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण अनिवार्य।

इस विद्यालय में प्रवेश राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा। शैक्षणिक सत्र 2022-23 की कक्षा 6ठी में प्रवेश हेतु छात्राओं के लिये परीक्षा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है :

- **परीक्षा तिथि** - **13 मार्च 2022 (रविवार)**
- **परीक्षा केन्द्र** - जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
- **परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** - **28 फरवरी 2022 (सोमवार)**
- आवेदन शुल्क रुपये 100/- निर्धारित है जो एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क पर देना होगा, इसमें कियोस्क शुल्क भी सम्मिलित है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी राशि नहीं देनी होगी। कक्षा 6ठी में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण अथवा 5वीं में अध्ययनरत छात्रायें परीक्षा में भाग लेने हेतु पात्र हैं। इन कक्षाओं की ऐसी छात्रायें जिनका परीक्षाफल 30 मई 2022 तक घोषित होने वाला है, वे भी पात्र होंगी।
- विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट https://www.mpssbhopal.org पर देखें।

आवेदन एम.पी. ऑनलाइन www.mponline.gov.in अथवा हमारी वेबसाइट https://www.mpssbhopal.org पर कर सकते हैं

नोट :-

1. परीक्षा के प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** अथवा **www.mpsos.nic.in** से डाउनलोड कर सकेंगे।
2. प्रवेश पत्र पर परीक्षा की समय सारणी एवं परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी अंकित होगी।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल

आर-24, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462003 (मध्यप्रदेश)

कार्यालय दूरभाष : 0755-2576209, 2576215, 2576214

विद्यालय दूरभाष : 0755-2554790, **मोबाइल :** 9685926699

R-46577

मध्यप्रदेश माध्यम/103490/2022

क्षिप्रा शुद्धिकरण से बढ़कर पुण्य का कोई कार्य नहीं - मुख्यमंत्री

भोपाल, पवित्र नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के शुद्धिकरण से बढ़कर मेरे लिए पुण्य का कोई कार्य नहीं है। खान नदी का प्रदूषित जल क्षिप्रा में मिलने से रोकने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। वैज्ञानिक परीक्षण कराकर क्षिप्रा का शुद्धिकरण तेजी से कराएंगे। संतों के सुझावों एवं भावनाओं का पूरा आदर करते हुए सर्वेक्षण कराया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर उज्जैन के साधु समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने शॉल-श्रीफल भेंटकर और पुष्पाहार पहनाकर साधु-संतों का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु-संतों की भावनाओं का पूरी तरह आदर करते हुए हम सब मिलकर क्षिप्रा नदी के शुद्धिकरण का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद विकल्पों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उज्जैन में सप्तसागर के संरक्षण के भी प्रयास किए जाएंगे। सप्तसागर पर किसी का कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

श्री चौहान को महंत डॉ. रामेश्वर दास ने बताया कि इंदौर से छोड़े जाने वाला प्रदूषित जल खान नदी के माध्यम से क्षिप्रा में मिलता है। इससे क्षिप्रा का जल प्रदूषित होता है। उन्होंने कहा कि क्षिप्रा नदी मोक्षदायिनी है। क्षिप्रा को प्रदूषण से बचाने के लिए उन्होंने त्रिवेणी से कालियादेह-महल तक 13 किलोमीटर लंबी खुली नहर बनाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि उज्जैन के 147 स्थानों के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि मुहैया कराई गई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

मध्यप्रदेश के तीन नए रामसर साइट के लिए केंद्र को प्रस्ताव प्रेषित

भोपाल, जंगल यदि ऑक्सीजन देकर वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, तो नदी, तालाब, पोखर आदि वेटलैंड पर्यावरण के लिये किडनी का काम करते हैं। वेटलैंड बरसात, बाढ़ आदि के पानी में मौजूद खतरनाक रसायनों और पदार्थों को फिल्टर कर उसे प्राणियों के पीने योग्य बनाते हैं। तालाब, वन से कहीं अधिक कार्बन का अवशोषण करते हैं। मध्यप्रदेश का भोज वेटलैंड रामसर साइट में शामिल है। केंद्र शासन को 3 नये रामसर साइट का प्रस्ताव भेजा गया है। ये बातें पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने भोपाल स्थित एप्को में विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर आयोजित 'वेटलैंड संरक्षण की चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर केन्द्रित संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कहीं।

श्री डंग ने एप्को के अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि केवल कार्यालय में बैठकर ही काम न करें। प्रदेश में 15 हजार 152 तालाब हैं, जिनके संरक्षण में व्यवहारिक रूप से भी कार्य करें। संरक्षण कार्य में अधिक से अधिक लोगों को भी प्रेरित किया जाए।

भोज वेटलैंड में मिल रहे हैं दुर्लभ प्रजाति के प्रवासी पक्षी

संगोष्ठी में भाग लेने आये पक्षी विशेषज्ञ मोहम्मद खलीक और श्रीमती संगीता राजगीर ने बताया कि भोज वेटलैंड में 45 दिन से 8 चरण में 250 स्वयं-सेवकों की मदद से पक्षी गणना का काम किया जा रहा है। इस वर्ष भोपाल तालाब में 5 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर आये दुर्लभ प्रजाति के पक्षी भी मिले हैं।

श्री खलीक ने बताया कि कुछ वर्ष पहले भोज वेटलैंड में सारस के मात्र 3 जोड़े बचे थे। वन अधिकारी और गांव वालों के सहयोग से उनकी संस्था द्वारा लगातार किये जा रहे संरक्षण कार्य से अब इन जोड़ों की संख्या 330 हो गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना

ग्रामीण मिलकर बनायें अपने गांव का मास्टर प्लान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन समारोह को संबोधित करते हुये।

सीहोर, मध्यप्रदेश को आदर्श राज्य बनाने के लिए ग्रामीणजन एक दिन गांव में बैठकर गांव का मास्टर प्लान बनायें। राज्य सरकार उसी अनुरूप विकास की योजनाएं बनाएगी। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के शाहगंज में 36 करोड़ 21 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कही। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 797 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि 7 करोड़ 97 लाख रुपये भी अंतरित की। साथ ही विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने शाहगंज में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मंशा है कि प्रदेश के हर क्षेत्र में इसी तरह से व्यवस्थित विकास हो। मुख्यमंत्री ने खातेगांव से बाड़ी के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने, करीब एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाले बमोरी से शाहगंज तक नवीन मार्ग बनाने और शाहगंज अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे अपने गांव को स्वच्छ बनाने के साथ शाहगंज नगर परिषद को देश की सबसे स्वच्छ नगर पंचायत बनायें।

श्री चौहान ने कहा कि स्वामित्व योजना में सर्वे करवाकर सभी को उनके आवास का मालिकाना हक दिया जाएगा। आवास प्लस सर्वे के आधार पर भी सभी को पक्के मकान दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास ही नहीं शिक्षा और रोज़गार भी सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में हर माह रोज़गार मेले लगाकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पथ विक्रेता योजना और ग्रामीण आजीविका मिशन में बड़ी संख्या में रोज़गार उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जन-प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मेधावी बच्चों को आगे लायें, जिससे गरीब परिवार का कोई बच्चा उच्च शिक्षा से वंचित नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हर दुख-दर्द में सरकार उनके साथ है। अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को अगले महीने से फसल बीमा की राशि का वितरण शुरू किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में 16 फरवरी को संत रविदास जयंती मनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समुदाय के विकास और कल्याण के लिये आवश्यकता हुई तो नई योजनायें भी बनायी जायेंगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ऐसे पाठ्यक्रम का निर्माण करें, जो विद्यार्थी के कॅरियर निर्माण में हो सहायक

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, पाठ्यक्रमों को रोज़गारमूलक बनाया जाना आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थियों को स्व-रोज़गार से जोड़ने का भी अधिक से अधिक प्रयास किया जाना चाहिये। यह बहुत आवश्यक है कि हम अपने पाठ्यक्रमों को व्यवहारिक जीवन और रोज़गार प्राप्ति से जोड़ दें, तो उनकी उपयोगिता बढ़ जायेगी। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि व्यावसायिक 15 पाठ्यक्रम को चिन्हित करें, जिसमें रोज़गार सृजन के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पारम्परिक पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को चुनने का बेहतर विकल्प दिया गया है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत स्नातक प्रथम वर्ष में जैविक खेती एवं बागवानी के पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिये प्रदेश के 346 शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 76 हजार 518 विद्यार्थियों ने जैविक खेती और 196 शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत 14 हजार 745 विद्यार्थियों ने बागवानी पाठ्यक्रम का चयन किया है। डॉ. यादव ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस पाठ्यक्रम में कुछ नवाचार किया हो, उनकी सफलता की कहानी का प्रचार-प्रसार करें।

डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल माध्यम का अधिकाधिक उपयोग करते हुए स्मार्ट क्लास गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी हो, इसका सतत् विश्लेषण और परीक्षण किया जाये। थर्ड पार्टी निरीक्षण स्वतंत्र एजेंसी से ही कराया जाये। उन्होंने निष्पक्ष रूप से कमियों का आकलन कर समीक्षा करने के निर्देश दिये। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन में अग्रणी बनने के लिये विशेष प्रयास किये जायें। हर कॉलेज को अच्छी ग्रेडिंग मिले, इसके लिये पूर्व छात्रों को जोड़कर नैक रैंकिंग में अच्छे ग्रेड के लिये सहयोग लें। उन्होंने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालयों से जोड़ने के लिये एक फ्रेमवर्क तैयार करें। महाविद्यालयों की स्मारिका में भी पूर्व छात्रों द्वारा किये गये सहयोग को सचित्र प्रदर्शित करें।

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश में 120 महाविद्यालय एकल संकाय संस्थान के रूप में हैं। प्रथम चरण में 50 महाविद्यालयों को बहुसंकायी संस्थान के रूप में उन्नयन करने के लिये डीपीआर तैयार कर वित्त विभाग को प्रेषित किया गया है। आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने प्रदेश के सभी शासकीय अग्रणी महाविद्यालयों को आदर्श महाविद्यालय में विकसित करने एवं शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन के मॉडल को अग्रणी महाविद्यालयों में लागू करने की जानकारी दी।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

खंडवा, धार, खरगौन, बुरहानपुर, झाबुआ, बड़वानी तथा अलीराजपुर जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

संपर्क करें

9425625746, 9424442725

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामायिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम

40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006

www.mpmadhyam.in

madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

अन्ना किकिना

अंतरिक्ष स्टेशन जायेंगी रूस की इंजीनियर

रूस की 37 वर्षीय इंजीनियर अन्ना किकिना को रूस के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिये चुना गया है। इस समय वह देश में इकलौती महिला है, जिनकी अंतरिक्ष कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि अन्ना इसी वर्ष सितम्बर में सोयुज में सवार होकर अंतरिक्ष के लिये रवाना होंगी। वह रूस की पांचवीं महिला अंतरिक्ष यात्री होंगी। उन्हें अभी सघन प्रशिक्षण से भी गुजरना होगा।

पेरिस में

घोड़े के साथ प्रिंसेस ने किया कैटवॉक

फ्रांस के पेरिस में फैशन हाउस चैनल ने हाउते कॉउचर स्प्रिंग शो आयोजित किया। इसमें मॉडलों ने अपने तरीके से कैटवॉक किया। लेकिन मोनाको के प्रिंस अल्बर्ट की भतीजी प्रिंसेस शार्लोट कैसीराघी घोड़े पर सवार होकर रैम्प पर अनूठे अंदाज में उतरीं।



नीदरलैंड में

दुनिया के सबसे बड़े कैनाल लॉक का उद्घाटन

नीदरलैंड्स में दुनिया के सबसे बड़े कैनाल लॉक का उद्घाटन हुआ। ये कैनाल लॉक 100 साल पुरानी पोर्ट सिटी इजमुदेन को एमस्टर्डम के नॉर्थ सी को जोड़ेगा। इस प्रोजेक्ट को पूरा होने में पांच साल का समय लगा। लगभग 2,535 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट से बड़े मालवाहक अब एमस्टर्डम बंदरगाह आसानी से आ-जा सकेंगे।

कोबे ब्रायंट की

बेटी के साथ लगी मूर्ति

दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट और उनकी बेटी जियाना के निधन की दूसरी बरसी पर मूर्तिकार डैन मदीना ने दुर्घटना स्थल पर 73 किलोग्राम की ब्रॉन्ज मूर्ति अस्थाई रूप से लगाई है। मूर्तिकार को उम्मीद है कि लॉस एंजिलिस में एक प्रमुख स्थान पर मूर्ति को स्थाई तौर पर रखा जायेगा। गौरतलब है कि दो साल पहले ब्रायंट और उनकी बेटी जियाना की हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी।

स्लोवाकिया में

एयर कार 3 मिनट में वाहन से विमान बनेगी

यूरोपीय विमानन सुरक्षा एजेंसी ने स्लोवाकिया में 70 घंटे में 200 से अधिक सफल टेक-ऑफ और लैंडिंग पूरा करने के बाद फ्लाइंग कार को अनुमति दे दी है। यह एयर कार तीन मिनट में ही सड़क पर चल रहे वाहन से विमान में बदल सकती है। सड़क पर इसकी रफ्तार करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटे है। हवा में यह 8 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई तक पहुंच सकती है।

न्यूजीलैंड की

प्रधानमंत्री ने कोरोना के कारण टाली शादी

न्यूजीलैंड में कोरोना के संक्रमण को देखते हुये नये प्रतिबंध लगाये हैं। इस कारण प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डन ने अपनी शादी टाल दी है। अर्डन ने कहा कि हर किसी को कुछ हफ्तों के लिये मास्क, सामाजिक दूरी आदि का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अपनी शादी की तारीख आगे बढ़ा रहीं है। उन्होंने कहा कि वे जनता के हित में यह कर रहीं हैं। क्योंकि वे आम लोगों से अलग नहीं हैं।

कैट कॉर्डिनर

कैंसर पीड़िता ने बनाया अटलांटिक रिकॉर्ड

कैट कॉर्डिनर ओवरी कैंसर पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने इसे लाइलाज बताया है। निराश होने के बजाय कैम्ब्रिजशायर की 42 वर्षीय कैट ने अपनी दो मित्रों के साथ नौका से अटलांटिक सागर पार करने निकल पड़ीं। उन्होंने कैनरी द्वीप में ला गोमेरा से इंग्लिश हार्बर तक 4,828 किलोमीटर की दूरी को 42 दिन सात घंटे और 17 मिनट में पूरा कर नौकायन का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

शियोमारा कास्त्रो

होंडुरास की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं

होंडुरास में पहली महिला राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने पद एवं गोपनीयता की शपथ के साथ पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी मौजूद रहीं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति शियोमारा को बधाई दी। वामपंथी पार्टी की उम्मीदवार कास्त्रो ने नवम्बर में चुनाव में जीत दर्ज की थी। उनके पति एवं पूर्व राष्ट्रपति जोस मैनुएल जेलया को 2009 में सेना ने तख्तापलट कर सत्ता से बेदखल कर दिया था।

एशर लेवी ने

साइबर सुरक्षा कंपनी एनएसओ के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

पेगासस स्पाईवेयर को तैयार करने वाली साइबर सुरक्षा कंपनी एनएसओ के अध्यक्ष एशर लेवी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि कई महीने पहले ही वे इस्तीफा देने का मन बना चुके थे। ज्ञात रहे कि इसी माह इजरायल में सांसदों ने पुलिस द्वारा नागरिकों पर इस स्पाईवेयर के कथित इस्तेमाल की संसदीय जांच की मांग की थी। इस कंपनी पर आम नागरिकों की जासूसी का भी आरोप लग चुका है। इन्हीं वजहों को एशर के इस्तीफे की वजह माना जा रहा है।

नासा का

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अपने लक्ष्य तक पहुंचा

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा (NASA) का जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप करीब एक महीने के सफर के बाद आखिरकार अपनी मंजिल तक पहुंच गया है। इसे 25 दिसम्बर 2021 को फ्रेंच गुयाना के गुयाना स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। नासा का जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप जहां पहुंचा है उसे दूसरे लैगरेंज बिन्दु के तौर पर जाना जाता है। यह अंतरिक्ष में वह जगह है जहां भेजी गई वस्तु रुकी रहती है। अंतरिक्ष में इस जगह का इस्तेमाल स्पेस क्रॉफ्ट के ईंधन की खपत को कम करने के लिये किया जाता है। यह दुनिया का सबसे शक्तिशाली टेलीस्कोप है जिसे नासा, यूरोपियन स्पेस एजेंसी और कनाडाई स्पेस एजेंसी ने मिलकर बनाया है।

रेवरेंड मलयिल लुकोस वर्गीस

भारतवंशी पादरी को चर्च ऑफ इंग्लैंड में बिशप नियुक्त किया गया

भारत में जन्में रेवरेंड मलयिल लुकोस वर्गीस मुथलली उर्फ साजू को चर्च ऑफ इंग्लैंड में बिशप के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। रेवरेंड इंग्लैंड चर्च के सबसे कम उम्र के बिशप बने हैं। 42 वर्षीय साजू का कैंटरबरी के आर्कबिशप द्वारा लंदन में सेंट पॉल कैथेड्रल में एक यूचरिस्ट सर्विस के दौरान भारतीय शीशम से बनी एक छड़ी या क्रोज़ियर के साथ उनका अभिषेक किया गया।

बांग्लादेश में

गांव के अस्पताल ने जीता विश्व के सर्वश्रेष्ठ भवन का पुरस्कार

बांग्लादेश के ग्रामीण इलाके के स्थित एक अस्पताल को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ बिल्डिंग के रूप में चुना गया। इस फ्रैंडशिप अस्पताल को रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स (RIBA) अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 से नवाजा गया। यह अस्पताल चक्रवात की आशंका वाले जिले सतखिरा में स्थित है। इसे बांग्लादेशी वास्तुकार काशेफ चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया। इसके निर्माण में स्थानीय ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। इसे बेहद कम लागत में बनाया गया है। प्रसिद्ध वास्तुकार ओडिले डेक की अध्यक्षता वाली जूरी ने इस अस्पताल को विजेता के रूप में चुना है।

आर्मेन सार्किस्यान

अर्मेनिया के राष्ट्रपति का इस्तीफा

राष्ट्रपति आर्मेन सार्किस्यान ने अजरबाइजान के साथ संघर्ष से संबंधित फैसलों पर असंतोष प्रकट करते हुये अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वे पिछले 4 वर्ष से इस पद पर थे। निवर्तमान राष्ट्रपति 2018 में चुने गये थे। जिन्होंने पहले यूनाइटेड किंगडम में अर्मेनिया के राजदूत के रूप में कार्य किया था। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि लंबे समय से नीतिगत मुद्दों पर असहमति की वजह से उन्होंने त्यागपत्र देना पसंद किया।



अमित कपूर

अमेरिका के प्रमुख अस्पताल के प्रमुख इन्वेस्टिगेटर बने

अमेरिका के नेशनवाइड चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल के सेंटर फॉर वैक्सीन और इम्युनिटी में एक प्रमुख इन्वेस्टिगेटर के रूप में भारतीय मूल के पीएचडी अमित कपूर शामिल हुए है। वह 2015 में ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में बतौर बाल रोग के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में शामिल हुये थे। डॉक्टर कपूर की लैब मनुष्यों और जानवरों को संक्रमित करने वाले कई वायरल रोगजनकों के इम्युनोपैथोजेनेसिस को समझने का काम कर रही है।

अतुल केशप

यूएसआईबीसी के अध्यक्ष बने

वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक अतुल केशप अध्यक्ष के रूप में 'यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल' (यूएसआईबीसी) का नेतृत्व करेंगे। इसकी मूल संस्था 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' ने घोषणा करते हुये यह बताया। केशप ने हाल ही तक नयी दिल्ली में देश के वरिष्ठ राजनयिक के रूप में जिम्मेदारी निभायी थी। केशप ने 28 वर्षों तक अमेरिकी विदेश सेवा में कार्यकाल के दौरान कई वरिष्ठ सरकारी पदों पर कार्य किया। उन्होंने निशा देसाई बिस्वाल की जगह ली है।



न्यूयॉर्क में

दो इमारतों के बीच पुल बना चांद

अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी के हडसन नदी के पास गजब का नजारा देखने को मिला। बहुमंजिला इमारतों के बीचो-बीच धुंधले रंग में चांद नजर आया। मूनहेंज जैसा यह नजारा स्थानीय समय के अनुसार अलसुबह का था। यहां इस कोण पर चांद साल में एक बार ही नजर आता है। इसे वेनिंग क्रिसेंट मून कहते हैं।

ब्रिटेन में

कबाड़ से 500 रुपये में ली कुर्सी 16 लाख में बिकी

ब्रिटेन के ईस्ट ससेक्स में कबाड़खाने से 500 रुपये में ली यह कुर्सी नीलामी में 16 लाख रुपये में बिकी है। इसे एक महिला ने कबाड़ी वाले से खरीदा था। बाद में पता चला कि यह ऑस्ट्रिया के 20वीं शताब्दी के आर्ट स्कूल की है। इसे पेंटर कोलोमन मोजर ने 1902 में डिजाइन किया था।

लूनर क्रूजर

अब चन्द्रमा पर भी दौड़ेंगे वाहन

लैंड क्रूजर गाड़ी बनाने वाली टोयोटा कंपनी ने अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिलकर चंद्रमा की सतह का पता लगाने के लिए लूनर क्रूजर नाम से खास तरह का वाहन तैयार किया है। टोयोटा ने इस वाहन का ग्राफिक्स डिजाइन जारी किया। इसका उद्देश्य 2040 तक लोगों को चंद्रमा पर रहने में मदद करना और फिर उसके बाद मंगल पर जाने की योजना है। इसका निर्माण जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जैक्सा) के साथ मिलकर किया जाएगा। जैक्सा और टोयोटा के बीच जून 2019 में मानवयुक्त चंद्र रोवर पर काम करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर हुये थे।

स्मृति शेष

दिग्गज हॉकी खिलाड़ी चरणजीत सिंह का निधन

पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता हॉकी खिलाड़ी चरणजीत सिंह का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। हिमाचल प्रदेश के ऊना के रहने वाले सिंह 1964 के टोक्यो ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता और रोम में 1960 के ओलिंपिक खेलों में रजत जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल थे।



भारत के महान फुटबॉलर सुभाष भौमिक का निधन

भारत के महान पूर्व फुटबॉलर और कोच सुभाष भौमिक का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। भारत के पूर्व मिड-फील्डर रहे भौमिक 1970 के एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता फुटबॉल टीम का हिस्सा थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

SCHOOL OF EXCELLENCE IN PULMONARY MEDICINE
NSCB MEDICAL COLLEGE JABALPUR (M.P.)

LAST DATE 21.02.2022

S.N./Est./Gaz./SEPM/2022/01 **Jabalpur, Dated: 20.01.2022**

ADVERTISEMENT NOTICE

In compliance of and consequent to Department of Medical Education Govt. of M.P. order no. F1-3/2018/55-2 Dated 26.05.2018, order no. F1-3/2018/55-2 Dated 12/26.03.2019 and order no. 2-57/2018/55-1 dated 06.08.2018 Madhya Pradesh Super Specialty Chikitsa Shikshak Adarsh Seva Niyam 2018 & Commissioner medical Education Circular no. 5528/Est./Gaz./2018 Dated 11.09.2018 regarding schedule of posts and Govt. of M.P. gazette (Extra-Ordinary) dated 14.08.2019 regarding state level reservation roster & order no. 2-57/2018/55-1 dated 07.04.2018 Madhya Pradesh Swashasi Mahavidhyalaya chikitskiya Adarsh Sewa Niyam 2018, the posts of Professor/Associate Professor/Assistant Professor under teaching cadre in various super specialty & broad specialty subjects and medical officer under non teaching cadre are to be filled. Only those applicants will be eligible to apply who fulfill govt. of MP/MCI/NMC norms. Applications for the vacant posts are invited in the office of Director School of Excellence in Pulmonary Medicine, NSCB Medical College campus Jabalpur **latest by 05:30 PM on 21.02.2022.** Those who have already applied in response to previous advertisement no S.N./Est./Gaz./SEPM/2021/11 Jabalpur Dated 26.11.2021 (last date 27.12.2021) need not apply again. Their application will be considered.

Vacancy position of the various posts Is as under :

TABLE No. 01

S. N.	Name of Post (Super Specialty)	Category wise vacancy					Total
		UR	EWS	ST	SC	OBC	
1.	Professor Pulmonary Medicine	01	00	00	00	00	01
2.	Associate Professor Pulmonary Medicine	00	00	00	00	01	01
3.	Assistant Professor Pulmonary Medicine	00	00	01	00	01	02
S. N.	**Name of Post (Broad specialty)**	**Category wise vacancy**					**Total**
		UR	**EWS**	**ST**	**SC**	**OBC**	
1.	Professor-Respiratory Medicine	01	00	00	00	00	01
2.	Assistant Professor- Respiratory Medicine	00	00	01	00	00	01
3.	Assistant Professor- Radio diagnosis	01	00	00	00	00	01

Note- 01 : As par above table, posts are reserved for EWS= Economically Weaker Section, ST- Scheduled Tribe, SC Scheduled Caste and OBC= Other Backward Classes. OBC and EWS category candidates must submit certificate regarding **Non creamy layer.** (where ever applicable)

Salary and Other benefits :

1. Lump sum per month : Professor 03 Lakhs Associate professor 2.5 Lakhs Assistant professor 1.5 Lakhs. 2. HRA 10% monthly Salary 3. 8% Annual increment 4. NPS- 14% Employer contribution 5. Incentive under Ayushman yojna as per prevailing Rules 6. 50% revenue sharing in paid OPD & 20% revenue sharing in interventional treatment.

TABLE No. 02

No.	Post	Pay scale	Category wise vacancy					Total
			UR	EWS	ST	SC	OBC	
01.	Medical officer	15600-39100+5400 & NPA as per Prevailing rules	00	00	00	00	01	01

Details of the advertisement & application format are also being provided on the Website of NSCB Medical College Jabalpur **www.nscbmc.ac.in** and **Director medical education, M.P.** Website **www.medicaleducation.mp.gov.in** For queries please Email to **chest.jabalpur@gmail.com** or send whatsapp message on 9425162882

Director and Member Secretary Saadhikar Samiti
School of Excellence in Pulmonary Medicine
NSCB Medical College Jabalpur M.P.

G-22029/46565/2022

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक 868/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 20.01.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.02.2022 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_ 180279	आमहा लघु सिंचाई योजना की ठिगरी माइनर का विस्तारीकरण एवं मोहन्द्रा सब-माइनर का स्ट्रक्चर सहित निर्माण तथा मुख्य नहर की आर.डी. 0 से 1230 मी. व ठिगरी माइनर की आर.डी. 0 से 3210 मी. तक लाइनिंग कार्य।	पन्ना	91.29
2.	2022_WRD_ 180283	**टर्नकी पद्धति पर :** बीरपर लघु योजना के बांध एवं नहर का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	रायसेन	753.70
3.	2022_WRD_ 180285	साजखेड़ा तालाब की बांई एवं दांयी मुख्य नहर में लाइनिंग तथा स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य।	रायसेन	121.53
4.	2022_WRD_ 180288	सांपना मध्यम परियोजना विस्तार, नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण अंतर्गत नहर लाइनिंग का कार्य, रिसेक्सनिंग एवं पक्के कार्यों सहित।	बैतूल	827.99
5.	2022_WRD_ 180290	**टर्नकी पद्धति पर :** ई.आर.एम. अंतर्गत तवा परियोजना के खिरकिया नहर की मुहाल माइनर, उसकी 4 नं. सब माइनरों तथा 49 नग पक्के स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	हरदा	188.25
6.	2022_WRD_ 180292	तवा परियोजना के खिरकिया नहर की चैन क्र. 262 से प्रस्तावित 6 एल माइनर के निर्माण हेतु मिट्टी कार्य एवं 14 नं. पक्के स्ट्रक्चर्स का निर्माण कार्य।	हरदा	57.28
7.	2022_WRD_ 180295	तवा परियोजना अंतर्गत तवा बांई तट मुख्य नहर के 9 नग स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य।	हरदा	27.05
8.	2022_WRD_ 180488	**टर्नकी पद्धति पर :** कटंगझरी जलाशय का सुदृढ़ीकरण, जीर्णोद्धार एवं पुनर्स्थापन का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	बालाघाट	317.29
9.	2022_WRD_ 180489	बोरीखेड़ा जलाशय के बांध की रिसेक्शनिंग, स्लूस एवं वेस्ट वियर का रिपेयर एवं मेन केनाल की रिसेक्शनिंग व लाइनिंग का कार्य।	बालाघाट	164.34

जी-22010/46561/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक 870/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 24.01.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.03.2022 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(1-3) यदि किसी कोड भाषा में 'dew coco ring' को '651' लिखा जाता है, 'coco ring wings' को '956', 'wings and coco' को '269' लिखा जाए तथा 'and dew power' को '241' लिखा जाए तो -

1. coco के लिए क्या कोड है -
(अ) 9 (ब) 6
(स) 2 (द) 5
उत्तर- (ब) 6

2. wings के लिए क्या कोड है -
(अ) 2 (ब) 6
(स) 1 (द) 9
उत्तर- (द) 9

3. 5 किसके लिए कोड किया गया है -
(अ) wings (ब) ring
(स) dew (द) and
उत्तर- (ब) ring
हल-
dew coco ring → 6 5 1
coco ring wings → 9 5 6
wings and coco → 2 6 9
and dew power → 2 4 1

4. यदि किसी कोडिंग में DESIGN को FCUGIL लिखा जाए तो REPORT का कोड क्या होगा?
(अ) TCRMRT (ब) TCRKTR
(स) TCRNTR (द)TCRMTR
उत्तर- (द) TCRMTR
हल-

D	E	S	I	G	N		R	E	P	O	R	T
+2	-2	+2	-2	+2	-2		+2	-2	+2	-2	+2	-2
↓	↓	↓	↓	↓	↓		↓	↓	↓	↓	↓	↓
F	C	U	G	I	L		T	C	R	M	T	R

5. 2, 6, 20, 42, 110, ?
(अ) 156 (ब) 220
(स) 196 (द) 330
उत्तर- (अ) 156
हल-

2	6	20	42	110	?
↓	↓	↓	↓	↓	↓
2^2-2	3^2-3	5^2-5	7^2-7	11^2-11	13^2-13

6.



(अ) 16 (ब) 18
(स) 19 (द) 17
उत्तर- (स) 19
हल- 5 + 14 = 19 x 2 = 38
13 + 12 = 25 x 2 = 50
∴ $11+x=60\div2 \Rightarrow x=(30-11)=19$

7. 9 से 54 के बीच ऐसे कितने नंबर है जो 9 से तो भागित होते हैं किन्तु 3 से नहीं -
(अ) 9 (ब) 3
(स) 7
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (द) इनमें से कोई नहीं।
हल- 9 से भागित होने वाले सभी नंबर 3 से भी भागित होंगे।

नीचे दिए गए प्रश्नों में दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए सभी निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उत्तर दीजिए -

8. कथन :
कुछ विडियो ऑडियो है।
सभी पिक्चर ऑडियो है।
कोई स्टडी पिक्चर नहीं है।
निष्कर्ष :
I कुछ विडियो के पिक्चर होने की संभावना है।
II कोई ऑडियो स्टडी नहीं है।
(अ) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(ब) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(स) यदि दोनों I और II अनुसरण करते है।
(द) यदि या तो I या II अनुसरण करते हैं।
उत्तर- (अ) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
हल-

9. कथन :
केवल आम संतरे हैं।
कुछ आम फल है।
कुछ सेब फल है।
निष्कर्ष :
I कुछ सेब आम हैं।
II कुछ संतरे सेब नहीं हैं।
III सभी आम सेब हैं।
(अ) केवल I अनुसरण करता है।
(ब) केवल II अनुसरण करता है।
(स) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(द) कोई अनुसरण नहीं करता है।
उत्तर- (द) कोई अनुसरण नहीं करता है।
हल-



10. निम्नलिखित में से कौन सा समीकरण सत्य है यदि समीकरण K≥L>M≥N निश्चित रूप से सत्य है।
(अ) N≤K (ब) K = M
(स) L≥N (द) कोई नहीं
उत्तर- (द) कोई नहीं

11. कथन :
F≥M , M>A, R<A, E >R
निष्कर्ष :
I M>E
II F≥E
III F<E
(अ) केवल I अनुसरण करता है।
(ब) केवल I और II अनुसरण करता है।
(स) सभी अनुसरण करते हैं।
(द) या तो II या III अनुसरण करते हैं।
उत्तर- (द) या तो II या III अनुसरण करते हैं।
हल- I M>E (False)
II F≥E (False)
III F<E (False)

अंक गणित

1. 1323 में किस संख्या का गुणा किया जाए जिससे कि वह पूर्ण घन बन जाए?
(अ) 9 (ब) 7
(स) 11 (द) 3
उत्तर- (द) 7
हल-

3	1323
3	441
3	147
7	49
7	7
	1

7 का गुणा करने पर वह संख्या पूर्ण घन बन जाएगी

2. यदि $\frac{5}{2}\left(\frac{8x}{3}-\frac{1}{2}\right)+\frac{13}{2}=\frac{2x}{3}$ हो तो x का मान ज्ञात कीजिए -
(अ) $\frac{7}{8}$ (ब) $\frac{8}{7}$
(स) $\frac{-8}{7}$ (द) $\frac{-7}{8}$
उत्तर- (द) $\frac{-7}{8}$
हल-
$\frac{5}{2}\left[\frac{8x}{3}-\frac{1}{2}\right]+\frac{13}{2}=\frac{2x}{3}$
$\frac{40x}{6}-\frac{5}{4}+\frac{13}{2}=\frac{2x}{3}$
$\frac{40x}{6}-\frac{2x}{3}=\frac{-13}{2}+\frac{5}{4}$
$\frac{40x-4x}{6}=\frac{-26+5}{4}$
$\frac{36x}{6}=\frac{-21}{4}$
$x=\frac{-21}{4}\times\frac{6}{36} \Rightarrow x=\frac{-7}{8}$

3. 7÷2− [3 का 7÷4÷{(2÷5)× ×(25÷8)÷(5÷2)] का मान क्या होगा -
(अ) -8 (ब) -7
(स) -1 (द) -9
उत्तर- (ब) -7
हल-
$\frac{7}{2}-\left[\frac{21}{4}\div\left\{\left(\frac{2}{5}\right)\times\left(\frac{25}{8}\times\frac{2}{5}\right)\right\}\right]$
$\Rightarrow\frac{7}{2}-\left[\frac{21}{4}\div\frac{1}{2}\right]$
$\frac{7}{2}-\frac{21}{2}=-7$

4. एक 60 लीटर के मिश्रण दूध और पानी का अनुपात 3:1 है, इस अनुपात को 2:1 करने के लिए इसमें कितना पानी और मिलाया जाए -
(अ) 5 लीटर (ब) 7.5 लीटर
(स) 10 लीटर (द) 15 लीटर
उत्तर- (ब) 7.5 लीटर
हल- दिए गए मिश्रण में दूध $=60\times\frac{3}{4}$
$=45$ लीटर
तो पानी = 15 लीटर
माना मिलाए जाने वाले पानी की मात्रा x है तब
$\frac{45}{15+x}=\frac{2}{1}\Rightarrow30+2x=45$
$2x=15 \Rightarrow x=7.5$ लीटर

5. A अकेले 8 दिनों में और B अकेले 6 दिनों में किसी काम का 1 हिस्सा पूरा करते हैं। A और B काम को पूरा करने का 3200 रुपये लेते हैं। वे C की मदद से 3 दिनों में पूरा काम कर लेते हैं। उन्हें C को कितना भुगतान करना पड़ेगा।
(अ) 375 रु. (ब) 400 रु.
(स) 600 रु. (द) 800 रु.
उत्तर- (ब) 400 रु.
हल- C का एक दिन का काम
$=\frac{1}{3}-\left(\frac{1}{6}+\frac{1}{8}\right)=\frac{1}{3}-\frac{7}{24}=\frac{1}{24}$
तो $A:B:C=\frac{1}{6}:\frac{1}{8}:\frac{1}{24}=4:3:1$
∴ C का हिस्सा 3 दिनों के लिए
$=\left(3\times\frac{1}{24}\times3200\right)=400$ रु.

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

(मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के नवीनतम पाठ्यक्रम को दृष्टिगत रख महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर दिए जा रहे हैं जो प्रतिभागियों की तैयारी में उपयोगी होंगे)

1. मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग में कितने सदस्य होते हैं?
(A) 03
(B) 07
(C) 10
(D) निश्चित नहीं है

उत्तर - (A) 03

व्याख्या- मध्यप्रदेश मानवधिकार आयोग का गठन 13 सितम्बर, 1995 को किया गया। मानवाधिकार संशोधन अधिनियम 2006 के तहत आयोग में एक अध्यक्ष के साथ तीन सदस्य सम्मिलित होते हैं।

2. निम्न में संवैधानिक निकाय नहीं है?
(A) राज्य निर्वाचन आयोग
(B) महाधिवक्ता
(C) मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
(D) केन्द्रीय सतर्कता आयोग

उत्तर - (D) केन्द्रीय सतर्कता आयोग

व्याख्या- संवैधानिक (Contitutional) अर्थात जो देश के संविधान में प्रावधानित या निर्दिष्ट हों। जबकि गैर संवैधानिक या अतिरिक्त संवैधानिक संस्था समान होते हैं। इनके गठन के लिए केन्द्र सरकार को संसद में बिल पास करना पड़ता है। संथानम समिति (1962-64) की सिफारिश पर 1964 में केन्द्रीय सतर्कता आयोग गाठित किया गया।

3. निम्न ख्यातिलब्ध विभूतियों में से किसका जन्म मध्यप्रदेश में नहीं हुआ?
(A) बालकृष्ण शर्मा नवीन
(B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) गणेश शंकर विद्यार्थी
(D) सूर्य नारायण व्यास

उत्तर - (C) गणेश शंकर विद्यार्थी

व्याख्या- भारतीय पत्रकारिता में अनूठे प्रतिमान गढ़ने वाले श्री गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म इलाहाबाद में हुआ था उनका बाल्यकाल अशोकनगर के मुंगावली में बीता। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के सान्निध्य में 'प्रताप' समाचार पत्र से बालकृष्ण शर्मा नवीन ने पत्रकारिता शुरू की।

4. राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र इन्दौर (RRCAT) की स्थापना कब हुई?
(A) 1976 (B) 1984
(C) 1990 (D) 1995

उत्तर - (B) 1984

व्याख्या- भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत CAT संस्थान की स्थापना 19 फरवरी, 1984 को की गई। सेन्टर फॉर एडवान्स टेक्नोलॉजी (CAT) में विविध प्रकार के लेजरों का निर्माण के साथ ही इनके औद्योगिक, चिकित्सीय तथा अनुसंधानात्मक उपयोग पर कार्य किया जाता है। यह लेजर अनुसंधान का उत्कृष्ट केन्द्र है जिसकी स्थापना में डॉ. होमी जहांगीर भाभा, राजा रामन्ना आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

5. मैहर के राजा बृजनाथ सिंह ने निम्न में किसे अपना राजगुरु बनाया?
(A) अली अकबर
(B) उस्ताद अलाउद्दीन खाँ
(C) तानसेन
(D) महेशदास

उत्तर - (B) उस्ताद अलाउद्दीन खाँ

व्याख्या- राजा बृजनाथ सिंह अलाउद्दीन खाँ को कलकत्ता से मैहर लाए एवं राजगुरु बनाया। रबाब, सुरसिंगार तथा वीणा की बारीकियों पर अधिकार प्राप्त अलाउद्दीन खाँ ने मैहर में 'मैहर बैण्ड' की स्थापना की। नलतरंग वाद्य का निर्माण स्वयं उस्ताद अलाउद्दीन खाँ ने किया था।

6. भरहुत स्तूप (सतना) निम्न में से किस युग की कला है?
(A) महायान (B) हीनयान
(C) वज्रयान (D) उक्त सभी

उत्तर - (B) हीनयान

व्याख्या- भरहुत स्तूप की खोज 1873 ईस्वी में जनरल कनिघंम ने की थी। यह हीनयान से संबंधित है। हीनयान कला में बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाओं महाभिनिष्क्रमण, संबोधि, धर्मचक्रप्रवर्तन और महापरिनिर्वाण को क्रमशः अश्व, बोधिवृक्ष, चक्र और स्तूप के रूप में प्रतीकांकित किया जाता है।

7. भोपाल को मध्यप्रदेश की राजधानी बनाने की निर्णयात्मक अनुशंसा किसने की?
(A) डॉ. फजल अली
(B) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) सेठ गोविन्ददास

उत्तर - (B) सरदार वल्लभ भाई पटेल

व्याख्या- राज्य पुनर्गठन आयोग ने जबलपुर को राजधानी बनाने की अनुशंसा की किन्तु सरदार पटेल ने भोपाल के नवाब हमीदुल्ला खां की संदिग्ध गतिविधियों को मद्देनजर रखते हुए निर्णयात्मक रूप से भोपाल को राजधानी बनाने की बात कही जिसे तत्कालीन नेतृत्व ने सहमति देते हुए स्वीकृति दी। यह भी महत्वपूर्ण है कि सरदार पटेल के कठोर निर्णय के परिणामस्वरूप ही भोपाल रियासत का 1 जून, 1949 को संघ में विलीनीकरण हुआ।

8. मध्यप्रदेश में सघन वन का क्षेत्रफल है?
(A) 6676 वर्ग किमी.
(B) 34341 वर्ग किमी.
(C) 36465 वर्ग किमी.
(D) 4239 वर्ग किमी.

उत्तर - (A) 6676 वर्ग किमी.

व्याख्या- इंडियन स्टेट ऑफ फारेस्ट की रिपोर्ट 2019 के अनुसार प्रदेश में 6676 वर्ग किमी. में सघन वन थे। 2021 की रिपोर्ट अनुसार प्रदेश में वन स्थिति निम्नानुसार है।

सघन वन क्षेत्र - 6664.95 वर्ग किमी.
घने वन - 34209.02 वर्ग किमी.
खुले वन - 36618.63 वर्ग किमी.
कुल वन - 77492.60 वर्ग किमी. (25.14%)
झाड़ी - 5456.55 वर्ग किमी.

9. रूपंकर, रंगमण्डल, वागर्थ और अनहद किस सांस्कृतिक भवन से संबंधित हैं?
(A) मानव संग्रहालय
(B) भारत भवन
(C) रवीन्द्र भवन
(D) मानस भवन

उत्तर - (B) भारत भवन

व्याख्या- 1982 में उद्घाटित बहुकला केन्द्र भारत भवन में लोक कला केन्द्र 'रूपंकर', नाटक का केन्द्र "रंगमण्डल", कविता केन्द्र वागर्थ और शास्त्रीय तथा लोक संगीत का केन्द्र 'अनहद' है। यहां उत्कृष्ट सिनेमा का केन्द्र 'छवि' नाम से है। भारत भवन सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरक्षण और उन्नयन के साथ-साथ नवाचार का भी आग्रही है।

10. भोजपाल बांध (भोपाल तालाब) को निम्न में से किसने ध्वस्त किया?
(A) इल्तुतमिश
(B) दोस्त मोहम्मद खान
(C) होशंगशाह गौरी
(D) नवाब हमीदुल्ला खाँ

उत्तर - (C) होशंगशाह गौरी

व्याख्या- राजा भोज (1000-1055 ई.) निर्मित भोजपाल (पाल का अर्थ बांध) अर्थात भोज बांध को होशंगशाह ने ध्वस्त किया था। राजा भोज द्वारा निर्मित तालाब में 365 झरनों का जल मिलता था तथा यह 250 वर्ग मील में विस्तारित था।

11. 'होमो इरेक्टस नर्मदेनसिस' कपाल की खोज किसने की?
(A) डॉ. वाकणकर
(B) डॉ. अरूण सोनकिया
(C) जनरल कनिंघम
(D) सर जॉन मार्शल

उत्तर - (B) डॉ. अरूण सोनकिया

व्याख्या- 1982 में सीहोर के हथनोरा में डॉ. अरूण सोनकिया ने मानव कपाल के अवशेष खोजे जिसे होमो इरेक्टस नर्मदेनसिस नाम दिया गया। उक्त प्राप्त कपाल को लाखों वर्ष पुराना माना गया है।

12. पौराणिक कथानुसार नर्मदा और सोन नदी का बिछोह कराने वाली नदी है?
(A) सतना (B) व्योरमा
(C) महानदी (D) जोहिला

उत्तर - (D) जोहिला

व्याख्या- अमरकंटक से उद्गमित सोन नद पुरुष और नर्मदा स्त्री मानी गई है। नर्मदा (रेवा) और सोन (शोणभद्र) एक दूसरे से प्रेम करते थे किन्तु सोन नर्मदा की दासी जोहिला नदी पर आसक्त हो गया तभी से नर्मदा ने पश्चिम से बहना शुरू किया। (नर्म = सुख, दा = देना अर्थात सुख देने वाली नर्मदा)

13. मध्यप्रदेश का जलियांवाला बाग कहलाता है?
(A) बटेश्वर (B) मितावली
(C) पिण्डरा (D) टूरिया

उत्तर - (C) पिण्डरा

व्याख्या- सन् 1857 की क्रान्ति में शहीद हुए 109 वीरों का गाँव पिण्डरा (सतना) प्रदेश का जलियांवाला बाग कहलाता है।

14. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाला जिला है?
(A) बालाघाट (B) छिन्दवाड़ा
(C) बैतूल (D) श्योपुर

उत्तर - (A) बालाघाट

व्याख्या- प्रदेश के शीर्ष वन क्षेत्रफल वाले जिले निम्नवत हैं।

1. बालाघाट - 4923 वर्ग किमी. (53.3%)
2. छिन्दवाड़ा - 4608 वर्ग किमी. (39%)
3. बैतूल - 3663 वर्ग किमी. (36.4%)
4. श्योपुर - 3444 वर्ग किमी. (52.13%)

बालाघाट के कुल क्षेत्रफल 9229 वर्गकिमी. में से 4923 वर्गकिमी अर्थात 53.3% में वन क्षेत्र है जो प्रदेश के जिलों में सर्वाधिक है।

उज्जैन जिले के मात्र 36 वर्गकिमी में वन है जो कुल क्षेत्रफल 6091 वर्ग किमी का मात्र 0.60% है।

15. नचना (सतना) का शिव पार्वती मंदिर किस काल का स्थापत्य है?
(A) मौर्य (B) शुंग
(C) गुप्त (D) हूण काल

उत्तर - (C) गुप्त

व्याख्या- नचना में शिवपार्वती के मंदिरों सहित अनेक पुरावशेष मौजूद हैं, जो गुप्तकालीन घटनाओं को प्रतिबिम्बित करते हैं। भरहुत (सतना) से ही शुंग राजा घनभूति की समकालीनता प्रमाणित होती है।

16. हालो और बंजर घाटी किस राष्ट्रीय उद्यान का हिस्सा है?
(A) माधव (B) बांधवगढ़
(C) पेंच (D) कान्हा

उत्तर - (D) कान्हा

व्याख्या- 1933 में बंजरघाटी के 233 वर्गकिमी क्षेत्र को अभ्यारण्य का दर्जा मिला। 1935 में इस में हालो घाटी का 300 वर्गकिमी जोड़ा गया। 1955 में इस क्षेत्र को कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला जो 940 वर्गकिमी क्षेत्र में विस्तारित है। कान्हा में 'रुसर्वस डुबोसेली' किस्म का बारहसिंगा पाया जाता है जो विश्व में अन्यत्र नहीं मिलता।

17. गायनी नदी का उद्गम स्थल है?
(A) पचमढ़ी (B) पातालकोट
(C) झिरी (D) लटेरी

उत्तर - (B) पातालकोट

व्याख्या- छिन्दवाड़ा के तामिया विकासखण्ड में 1200 से 1500 फीट की गहराई में पातालकोट बसा है। यहां निवासित जनजाति भारिया है। पातालकोट के बसाहट वाले गांवों में रातेड़ प्रमुख गांव है। गायनी नदी का उद्गम स्थल पातालकोट है।

18. सांची के स्तूप का खोजकर्ता किसे माना जाता है?
(A) सर जॉन मार्शल
(B) जनरल टेलर
(C) फोरसिथ
(D) केप्टन जान्सन

उत्तर - (B) जनरल टेलर

व्याख्या- 13वीं शती से 19वीं शती तक सांची का इतिहास अन्धकारपूर्ण रहा। 1818 ईस्वी में जनरल टेलर ने इसकी खोज की जबकि 1912 में सर जॉन मार्शल ने सांची के स्तूप क्षेत्र के विकास में दिलचस्पी से कार्य किया। सांची का प्राचीन नाम 'काकणाम' या 'काकानाया' था। सातवीं सदी के अन्त में इसे 'बोटा श्री पर्वत' कहा जाने लगा। महावंश ग्रन्थ में सांची को चेतियागिरि सम्बोधित किया गया है।

19. मध्यप्रदेश में महाभारत के प्रमुख पात्र कर्ण का जन्म स्थल किसे माना जाता है?
(A) कुतवार
(B) पहाड़गढ़
(C) पढ़ावली
(D) पद्मावती (पवाया)

उत्तर - (A) कुतवार

व्याख्या- चम्बल घाटी का सबसे प्राचीन नगर कुन्तलपुर (कुतवार, जिला मुरैना) में रहते हुए कुन्ती ने सूर्य का आह्वान किया और कर्ण को अश्व नदी (वर्तमान आसन नदी) में बहाया।

20. संगीत की ध्रुपद गायकी का आविष्कार किसने किया?
(A) तानसेन
(B) राजा मानसिंह तोमर
(C) बैजू बावरा
(D) मोहम्मद गौस

उत्तर - (B) राजा मानसिंह तोमर

व्याख्या- ध्रुपद गायकी का आविष्कार और प्रचार राजा मानसिंह तोमर (ग्वालियर) ने किया। मानसिंह के गूजरी महल में तानसेन ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। अकबर द्वारा तानसेन को अपने नवरत्नों में शामिल करने से पूर्व तानसेन रीवा के राजा रामचन्द्र के दरबारी गायक थे।

21. महाकाव्य 'नवसाहसांक चरित्र' के कवि निम्न में से कौन थे?
(A) पद्मगुप्त (B) कालीदास
(C) बाणभट्ट (D) केशवदास

उत्तर - (A) पद्मगुप्त

व्याख्या- परमार वंश के प्रतापी राजा मुंज के राजकवि पद्मगुप्त ने 'नवसाहसांक चरित' की रचना की।

22 सन् 1819 से 1926 तक भोपाल रियासत में चार बेगमों ने शासन किया, जिसमें निम्न में प्रथमतः किसने राजपाट संभाला?
(A) कुदसिया बेगम (गौहर)
(B) सिकंदरजहां बेगम
(C) शाहजहां बेगम
(D) सुल्तानजहां बेगम

उत्तर - (A) कुदसिया बेगम (गौहर)

व्याख्या- भोपाल रियासत के अंतिम शासक हमीदुल्ला खां ने मई 1949 तक शासन किया। संघ सरकार द्वारा 1 जून, 1949 को भोपाल रियासत को मुख्य आयुक्त प्रान्त बनाकर अपने अधीन कर लिया गया।

23 मध्यप्रदेश के सन्दर्भ में निम्न में से गलत तथ्य है?
(A) प्रदेश में 428 तहसील हैं।
(B) प्रदेश में नगर परिषद् की संख्या 292 है।
(C) प्रदेश में ग्राम पंचायतों की संख्या 22710 है।
(D) प्रदेश का शुद्ध बोया क्षेत्रफल 125 लाख हेक्टर है।

उत्तर - (D) प्रदेश का शुद्ध बोया क्षेत्रफल 125 लाख हेक्टर है।

व्याख्या- मध्यप्रदेश शासन की डायरी 2022 के अनुसार प्रदेश में शुद्ध बोया क्षेत्रफल 155.12 लाख हेक्टर है। वर्ष 2019-20 में प्रदेश के कृषि के प्रमुख आंकड़े निम्नवत हैं।

कुल बोया क्षेत्र - 282.76 लाख हेक्टर
द्विफसली क्षेत्र - 127.65 लाख हेक्टर
शुद्ध सिंचित - 125.15 लाख हेक्टर
कुल सिंचित - 147.04 लाख हेक्टर

प्रदेश का 2020-21 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 615.53 लाख मीट्रिक टन रहा है।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं)

आम बजट 2022-23

अमृतकाल का हुआ आगाज

यह बजट अमृत काल के अगले 25 वर्षों - भारत 75 से 100 वर्ष तक की अवधि के लिए नींव रखने और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने का ब्लू प्रिंट देने की इच्छा रखता है। भारत की आर्थिक विकास दर चालू वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो दुनिया की समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। देश की अर्थव्यवस्था महामारी के प्रतिकूल प्रभावों से उभरकर जिस तरह से समग्र रूप से बड़ी तेजी के साथ रिकवर कर रही है वह हमारे देश की दमदार मजबूती को दर्शाती है। यह बात केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज संसद में केंद्रीय बजट 2022-23 पेश करते हुए कही। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'ये बजट, अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानवी के लिए, अनेक नए अवसर बनाएगा।' वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2022-23 की मुख्य बातें इस प्रकार हैं...

अगले 25 साल यानी भारत की आजादी के 100वें साल अमृतकाल को देखते हुये 4 प्राथमिकताओं में जोर

1. **पीएम गतिशक्ति** : पीएम गतिशक्ति को बढ़ावा देने वाले 7 कारक सड़क, रेल मार्ग, हवाई मार्ग, विमानपत्तन, माल परिवहन, जल मार्ग और लॉजिस्टिक अवसंरचना हैं।
- **पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान**: पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के दायरे में आर्थिक बदलाव के सभी 7 कारक, निर्बाध बहुपक्षीय कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक के दायरे में आ जाएंगे। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन में इन 7 कारकों से जुड़ी परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति फ्रेमवर्क से जोड़ दिया जाएगा।
- **सड़क परिवहन** : राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 2022-23 में 25000 किलोमीटर का विस्तार दिया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में विस्तार के लिए 20000 रुपए जुटाए जाएंगे।
- **मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क** : 2022-23 में 4 स्थानों पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनाने के लिए पीपीपी प्रारूप के जरिए संविदाएं प्रदान की जाएंगी।
- **रेल मार्ग** : स्थानीय व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने के लिए एक स्टेशन एक उत्पाद की संकल्पना। 2022-23 में देसी विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और क्षमता वृद्धि कवच के तहत रेल मार्ग नेटवर्क में 2000 किलोमीटर जोड़ा जाएगा। अगले 3 साल के दौरान 400 उत्कृष्ट वंदे भारत रेलगाड़ियों का निर्माण होगा। अगले 3 साल के दौरान मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक के लिए 100 पीएम गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे।
- **पर्वतमाला** : राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम, पर्वतमाला को पीपीपी प्रारूप में लाया जाएगा। 2022-23 में 60 किलोमीटर लंबी 8 रोपवे परियोजनाओं के लिए संविदाएं प्रदान की जाएंगी।

2. **समेकित विकास**
- **कृषि** : गेहूं और धान की खरीद के लिए 1.63 करोड़ किसानों को 2.37 लाख करोड़ रुपये का सीधा भुगतान। देशभर में रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। शुरू में गंगा नदी से सटे 5 किलोमीटर की चौड़ाई तक के गलियारे वाले किसानों की जमीनों पर ध्यान दिया जाएगा। नाबार्ड कृषि और ग्रामीण उद्यम से जुड़े स्टार्टप्स को वित्तीय मदद के लिए मिश्रित पूंजी कोष की सुविधा देगा। फसलों के आकलन, भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, कीटनाशकों एवं पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए किसान ड्रोन।
- **केन बेतवा परियोजना** : केन-बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 1400 करोड़ परिव्यय। केन-बेतवा लिंक परियोजना से किसानों की 9.08 लाख हेक्टेयर जमीनों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।
- **एमएसएमई** : उद्यम, ई-श्रम, एनसीएस और असीम पोर्टलों को आपस में जोड़ा जाएगा। 130 लाख एमएसएमई को इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त कर्ज दिया गया। ईसीएलजीएस को मार्च 2023 तक बढ़ाया जाएगा। ईसीएलजीएस के तहत गारंटी कवर को 50000 करोड़ रुपये बढ़ाकर कुल 5 लाख करोड़ कर दिया जाएगा। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के तहत 2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त क्रेडिट दिया जाएगा।
- **कौशल विकास** : ऑनलाइन प्रशिक्षण के जरिए नागरिकों की कुशलता बढ़ाने के लिए डिजिटल इकोसिस्टम फॉर स्किलिंग एंड लिवलीहुड (डीईएसएच-स्टैक ई-पोर्टल) लॉन्च किया जाएगा। 'ड्रोन शक्ति' की सुविधा और सेवा के रूप में ड्रोन (डीआरएएएस) के लिए स्टार्टप्स को बढ़ावा दिया जाएगा।
- **शिक्षा** : पीएम ई-विद्या के एक कक्षा एक टीवी चैनल कार्यक्रम को 200 टीवी चैनलों पर दिखाया जाएगा। महत्वपूर्ण चिंतन कौशल और प्रभावी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए वर्चुअल प्रयोगशाला और कौशल ई-प्रयोगशाला की स्थापना। डिजिटल शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाई के लिए उच्च गुणवत्ता वाली ई-कंटेंट विकसित किये जाएंगे। व्यक्तिगत तौर पर पढ़ाई करने के लिए विश्व स्तरीय शिक्षा के लिए डिजिटल विश्व विद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- **स्वास्थ्य** : राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम के लिए खुला मंच शुरू किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और देखरेख सेवाओं के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। 23 टेली मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। इसका नोडल सेंटर निम्हांस होगा और अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान बेंगलुरु इसे प्रौद्योगिकी सहायता देगा।
- **सक्षम आंगनवाड़ी** : मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के जरिए महिलाओं और बच्चों को एकीकृत लाभ प्रदान किए जाएंगे। दो लाख आंगनवाडियों को सक्षम आंगनवाडियों में उन्नयन।
- **हर घर, नल से जल** : हर घर, नल से जल के तहत वर्ष 2022-23 में 3.8 करोड़ परिवारों को शामिल करने के लिए 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।
- **सभी के लिए आवास** : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 80 लाख घरों को पूरा करने के लिए 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए।
- **पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल** : पूर्वोत्तर में बुनियादी ढांचे एवं सामाजिक विकास परियोजनाओं और वित्ती पोषण के लिए नई योजना पीएम-डीईवीआईएनई शुरू की गई। इस योजना के तहत युवा और महिलाओं को आजीविका गतिविधियों में समर्थ बनाने के लिए 1500 करोड़ रुपये का शुरुआती आवंटन।

3. **उत्पाद संवर्धन एवं निवेश, सनराइज अवसर, ऊर्जा और जलवायु कार्य**
- **सनराइज अवसर** : आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, भू-स्थानिक प्रणालियों और ड्रोनों, सेमीकंडक्टर और इसके इको-सिस्टम अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, जीनोमिक्स और फार्मास्यूटिकल्स- हरित ऊर्जा और स्वच्छ गतिशीलता प्रणालियों जैसे सनराइज अवसरों में अनुसंधान और विकास के लिए सरकारी योगदान उपलब्ध कराया जाएगा।
- **बैंकिंग** : शत-प्रतिशत 1.5 लाख डाकघरों को मुख्य बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया जाएगा। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) स्थापित करेंगे।
- **ई-पासपोर्ट** : इम्बेडेड चिप और भावी प्रौद्योगिकी वाले ई-पासपोर्ट शुरू किए जाएंगे।
- **शहरी नियोजन** : शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए बैट्री अदला-बदला नीति लाई जाएगी।
- **दूरसंचार क्षेत्र** : उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के एक हिस्से के रूप में 5जी के लिए एक मजबूत इको-सिस्टम स्थापित करने के लिए डिजाइन जनहित विनिर्माण के लिए योजना।
- **रक्षा में आत्मनिर्भरता** : 2022-23 में घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित पूंजीगत खरीदारी बजट का 68 प्रतिशत निर्धारित किया गया, जो 2021 में 58 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। 25 प्रतिशत रक्षा अनुसंधान विकास बजट के साथ उद्योग स्टार्टअप्स और शिक्षा के लिए रक्षा अनुसंधान विकास खोला जाएगा। जांच और प्रमाणीकरण जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र नोडल अम्ब्रेला निकाय स्थापित किया जाएगा।

राजकोषीय प्रबंधन

- **बजट अनुमान 2021-22** : 34.83 लाख करोड़ रुपये
- **संशोधित अनुमान 2021-22**: 37.70 लाख करोड़ रुपये
- **वर्ष 2022-23 में कुल अनुमानित व्यय**: 39.45 लाख करोड़ रुपये
- **वर्ष 2022-23 में उधारी के अलावा कुल प्राप्तियां** : 22.84 लाख करोड़ रुपये
- चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.9 प्रतिशत (बजट अनुमानों में 6.8 प्रतिशत की तुलना में)
- वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.4 प्रतिशत अनुमानित।

- **ऊर्जा पारगमन और जलवायु कार्रवाई**: वर्ष 2030 तक स्थापित सौर विद्युत का 280 गीगावॉट लक्ष्य हासिल करने के लिए उच्च दक्षता के सौर मॉड्यूलर के निर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के लिए 19,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन। ताप विद्युत संयंत्रों में 5 से 7 प्रतिशत बायोमास पैलेट्स फॉयर किए जाएंगे। कोयला गैसीकरण करने तथा उद्योग के लिए कोयले को रसायनों में परिवर्तित करने के लिए चार पायलट परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। कृषि वानिकी अपनाने वाले अनुसूचित जाति और जनजातियों से संबंधित किसानों को वित्तीय सहायता।

4. **निवेश को वित्तीय मदद**
- 2022-23 में निजी निवेश और मांग को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निवेश को जारी रखना। वर्ष 2022-23 में पूंजीगत व्यय के लिए परिव्यय 35.4 प्रतिशत तेजी से बढ़कर 7.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो मौजूदा वर्ष में 5.54 लाख करोड़ रुपये था। वर्ष 2022-23 में परिव्यय सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 प्रतिशत रहेगा। केंद्र सरकार का प्रभावी पूंजीगत व्यय 2022-23 में 10.68 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो जीडीपी का लगभग 4.1 प्रतिशत है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा डिजिटल रुपये की शुरुआत 2022-23 में की जाएगी।
- अर्थव्यवस्था में समग्र प्रोत्साहन के लिए राज्यों को सहायता के लिए वर्ष 2022-23 में एक लाख करोड़ रुपये का आवंटन, 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करना, जो सामान्य ऋण के अतिरिक्त है।
- 2022-23 में राज्यों को जीएसडीपी के 4 प्रतिशत का वित्तीय घाटे की अनुमति होगी, जिसका 0.5 प्रतिशत विद्युत क्षेत्र सुधारों में उपयोग किया जाएगा।
- अतिरिक्त कर की अदायगी करके अद्यतन विवरणी दाखिल करने के लिए नया प्रावधान। करदाता को आय के आकलन में की गई गलतियों को सुधार कर अद्यतन विवरणी दाखिल करने का अवसर मिलेगा। अद्यतन विवरणी संबंधित आकलन वर्ष के अंत से दो वर्षों के भीतर दाखिल की जा सकती है।
- सहकारी समितियों के लिए वैकल्पिक न्यूनतम कर भुगतान को 18.5 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत किया गया। उन सहकारी समितियों के लिए अधिभार की मौजूदा दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत किया गया, जिनकी कुल आमदनी एक करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये तक है।
- दिव्यांग आश्रितों को उनके माता-पिता/अभिभावकों के जीवनकाल के दौरान यानी माता-पिता/अभिभावकों के साठ वर्ष की आयु प्राप्त करने पर भी बीमा योजनाओं से वार्षिकी और एकमुश्त राशि की अदायगी की अनुमति।
- राज्य सरकार के कर्मचारियों के एनपीएस खाते में नियोक्ता के योगदान पर कर कटौती की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का प्रस्ताव। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के समान सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभ को बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- **स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहन** : कर प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए पात्र स्टार्टअप के निगमन की अवधि को एक साल बढ़ाकर 31.03.2023 तक करने का प्रस्ताव।
- वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों के लिए विशेष कर प्रणाली लागू की गई। किसी भी वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्ति के हस्तांतरण से होने वाली आय पर कर दी दर 30 प्रतिशत होगी। लेन-देन के विवरण के लिए वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्ति के हस्तांतरण के संबंध में किए गए भुगतान पर एक निश्चित मौद्रिक सीमा से ऊपर की रकम के लिए 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस देय होगा। वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्ति के उपहार पर भी प्राप्तकर्ता के यहां कर देय होगा।

प्रदेश के लिए बड़ी सौगात है केन-बेतवा लिंक परियोजना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को नये भारत के निर्माण का बजट प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केंद्रीय बजट 2022-23 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि समृद्ध, शक्तिशाली और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रस्तुत किए गए इस बजट से अधोसंरचना विकास को गति मिलेगी। अधोसंरचना विकास के लिए बजट में 35 प्रतिशत राशि बढ़ाई गई है। इससे अधोसंरचना विकास के साथ रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। बजट में राज्यों को भी अधिक धनराशि प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आम आदमी का बजट है, जिसमें गरीब, निम्न, और मध्यम वर्गीय परिवारों की जिन्दगी में खुशहाली लाने का प्रयास किया गया है। बजट में नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पर्याप्त प्रावधान है। कोविड काल के बाद देश में स्वास्थ्य अधोसंरचना बेहतर बनाने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिस दिशा में देश को ले जाना चाहते हैं, उसके लिए बजट में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बजट के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए स्वीकृति प्रदान करने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार मानते हुए ट्वीट किया है कि इस परियोजना से बुंदेलखण्ड के सूखा प्रभावित जिलों में पेयजल, सिंचाई, बिजली की सुविधाओं के साथ ही रोज़गार, औद्योगीकरण एवं निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

(संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

खेल चर्चा

शाहरुख और किशोर भारतीय टीम में होंगे रिजर्व खिलाड़ी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली वन-डे सीरीज तथा आगामी ट्वेंटी-20 सीरीज के लिये युवा बल्लेबाज शाहरुख खान तथा स्पिनर साई किशोर को बतौर रिजर्व खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने कहा कि शाहरुख और साई किशोर को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिये स्टैंडबाय के तौर पर टीम के साथ जोड़ा गया है। वे टीम के खिलाड़ियों के साथ बायो बबल में रहेंगे। बीसीसीआई ने कहा कि कोरोना महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुये इन खिलाड़ियों को टीम के साथ जोड़ा गया है। शाहरुख और साई किशोर घरेलू स्तर पर तमिलनाडु के लिये खेलते हैं।

आईसीसी ने जिम्बाब्वे के ब्रैंडन टेलर पर लगाया प्रतिबंध

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर पर स्पॉट फिक्सिंग के चलते तीन साल छह महीने का प्रतिबंध लगाया है। टेलर ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया के जरिये स्पॉट फिक्सिंग में शामिल होने की बात स्वीकार की थी। आईसीसी ने एक बयान जारी कर कहा कि जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर को आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोपों और आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के आरोप को स्वीकार करने के बाद तीन साल छह महीने के लिये सभी तरह के क्रिकेट से प्रतिबंधित किया गया है। ब्रैंडन टेलर ने जिम्बाब्वे के लिये 34 टेस्ट, 205 वन-डे और 45 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

मिशेल स्टार्क ने जीता एलेन बॉर्डर मेडल

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने एलेन बॉर्डर मेडल जीता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2022 के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित किये। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि मिशेल स्टार्क ने अपने सहयोगी मिशेल मार्श को हराकर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किया। मिशेल स्टार्क ने वर्ष 2021 में क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करते हुये 43 विकेट लिये हैं। स्टार्क पिछले 22 वर्षों में एलेन बॉर्डर मेडल जीतने वाले पांचवें गेंदबाज हैं। इसके अलावा स्टार्क को सर्वश्रेष्ठ वन-डे खिलाड़ी भी चुना गया है। वहीं महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये एश्ले गार्डनर को बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार के लिये चुना गया है।

टिम ब्रेसनन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन, इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर टिम ब्रेसनन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय ब्रेसनन ने अपनी काउंटी टीम वारविक शायर को संन्यास की सूचना दी। ब्रेसनन वर्ष 2010 में ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली इंग्लिश टीम के सदस्य थे। ब्रेसनन ने इंग्लैंड के लिये 23 टेस्ट मैचों में 575 रन और 72 विकेट, 85 वन-डे मैचों में 871 रन और 109 विकेट तथा 34 ट्वेंटी-20 मैचों में 216 रन तथा 24 विकेट लिये हैं। ब्रेसनन काफी समय से इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम से बाहर थे। ब्रेसनन ने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच (वन-डे मैच) 8 मई, 2015 को आयरलैंड के खिलाफ खेला था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

राफेल नडाल बने सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी

मेलबर्न, स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुये खिताब अपने नाम किया है। नडाल ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में रूस के डेनिल मेदवेदेव को हराकर अपने टेनिस कॅरियर का 21वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता। इसके साथ ही नडाल सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गये हैं।

बेहद रोमांचक रहा फाइनल मुकाबला

ऑस्ट्रेलियन ओपन का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। फाइनल मुकाबला पांच घंटे और 24 मिनट तक चला। मैच के पहले सेट में डेनिल मेदवेदेव ने शानदार खेल दिखाया और 6-2 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी मेदवेदेव नडाल पर भारी नजर आये। दूसरा सेट टाईब्रेकर में गया, जहां मेदवेदेव ने 7-6 से जीत दर्ज की। तीसरे सेट में नडाल ने शानदार वापसी की और मेदवेदेव के अति आत्मविश्वास का फायदा उठाते हुये जीत अपने नाम की। चौथे सेट में नडाल अपने चिरपरिचित अंदाज में नजर आये। नडाल ने मेदवेदेव की सर्विस तोड़कर कई शानदार

स्मैश और बैकहैंड शॉट लगाए और 6-4 से सेट जीता।

डेनिल मेदवेदेव दो सेट हारने के बाद भी मुकाबले से पीछे नहीं हटे। उन्होंने पांचवें सेट में भी नडाल को कड़ी टक्कर दी। लेकिन अंत में नडाल ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और 7-5 से सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

महिला वर्ग में बार्टी बनी चैंपियन

ऑस्ट्रेलिया ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब विश्व की नंबर वन महिला खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने अपने नाम किया। बार्टी ने टूर्नामेंट के फाइनल में अमेरिका की डेनियल कोलिंस को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया।

- **राफेल नडाल ने पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा (21) ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।**
- **नडाल के बाद रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ने 20-20 ग्रैंड स्लैम जीते हैं।**
- **नडाल ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है। इससे पहले वे वर्ष 2009 में भी चैंपियन बने थे।**
- **नडाल के नाम 13 फ्रेंच ओपन, 2 विम्बलडन, 4 यूएस ओपन और 2 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब हैं।**
- **ये नडाल के टेनिस कॅरियर का 90वां एटीपी खिताब है।**
- **रॉय इमरसन, रॉड लेवर और नोवाक जोकोविच के बाद नडाल चौथे ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने चारों ग्रैंड स्लैम कम से कम दो बार जीते हैं।**
- **एश्ले बार्टी ने तीसरी बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है।**
- **इससे पहले बार्टी ने वर्ष 2019 में फ्रेंच ओपन और वर्ष 2021 में विम्बलडन जीता था।**

भारतीय शतरंज टीम के मेंटर बने विश्वनाथन आनंद

नई दिल्ली, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन (एआईसीएफ) ने इस वर्ष आयोजित होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये विश्व के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद को भारतीय खिलाड़ियों का मेंटर और ट्रेनर नियुक्त किया है। एआईसीएफ ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एशियाई खेलों में भारत की नजर चार स्वर्ण पदकों पर होगी। फेडरेशन ने खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय टीम के लिये 10-10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों को चुना गया है। इनमें से 5-5 खिलाड़ी एशियाई खेलों के लिये चयनित होंगे। इन खिलाड़ियों को विश्वनाथन आनंद मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

भारतीय मुक्केबाजी दल में मध्यप्रदेश के 3 मुक्केबाज

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय मुक्केबाजी दल में अमन बिष्ट, आनंद यादव और ऋषभ सिंह सिकरवार के चयन पर बधाई दी है। इन खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश बॉक्सिंग अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद व्यक्त की कि इन खिलाड़ियों की प्रतिभा से भारत का नाम उपलब्धियां अर्जित करने वाले देश में शामिल होगा। ये खिलाड़ी जार्डन में 27 फरवरी से 15 मार्च तक एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

श्रीजेश बने वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर

नई दिल्ली, भारत के अनुभवी हॉकी गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश ने 2021 में शानदार प्रदर्शन के लिये प्रतिष्ठित वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। श्रीजेश यह पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल शानदार प्रदर्शन के लिये यह पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थीं।

श्रीजेश ने स्पेन के स्पोर्ट क्लाइंबर अल्बर्टो गिनेस लोपेज और इटली के वुशु खिलाड़ी माइकल गियोर्डानो को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। श्रीजेश ने पुरस्कार जीतने के बाद कहा कि मैं यह पुरस्कार जीतकर काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सबसे पहले इस पुरस्कार के लिये मुझे नामित करने पर एफआईएच को धन्यवाद। दुनियाभर में भारतीय हॉकी के प्रशंसकों को भी धन्यवाद जिन्होंने मुझे वोट दिया।

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पी.आर. श्रीजेश टोक्यो ओलिंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय

टीम का हिस्सा भी थे। श्रीजेश ने ओलिंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने एक लाख 27 हजार 647 वोट मिले। लोपेज और गियोर्डानो को क्रमशः 67 हजार 428 और 52 हजार 46 वोट मिले।

श्रीजेश इस पुरस्कार के लिये नामित होने वाले एकमात्र भारतीय थे। उनके नाम की सिफारिश अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने की थी। एफआईएच स्टार्स पुरस्कार में श्रीजेश को 2021 के लिये वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया था।

वेस्टइंडीज ने ट्वेंटी-20 सीरीज में इंग्लैंड को 3-2 से हराया

बारबाडोस, ट्वेंटी-20 क्रिकेट की पूर्व विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज ने एक बार फिर ट्वेंटी-20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुये इंग्लैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज 3-2 से जीत ली है। वेस्टइंडीज ने सीरीज के पांचवें और निर्णायक मुकाबले में इंग्लैंड को 17 रन से हराया।

होल्डर ने लिये चार गेंदों में चार विकेट

वेस्टइंडीज की जीत के हीरो जेसन होल्डर रहे। इंग्लैंड को मैच में जीत के लिये आखिरी ओवर में 20 रन की जरूरत थी। गेंदबाजी का दारोमदार जेसन होल्डर पर था। होल्डर ने आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर क्रिस जॉर्डन, तीसरी गेंद पर सैम बिलिंग्स, चौथी गेंद पर आदिल राशिद और पांचवीं गेंद पर साकिब महमूद को आउट कर वेस्टइंडीज को यादगार जीत दिलाई। होल्डर चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले विश्व के चौथे खिलाड़ी हैं, वहीं वे ट्वेंटी-20 क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले कैरेबियन गेंदबाज भी हैं। होल्डर ने इस मैच में 27 रन देकर 5 विकेट लिये हैं।

वेस्टइंडीज का बड़ा स्कोर

इससे पहले वेस्टइंडीज ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 179 रन बनाये। वेस्टइंडीज के लिये कीरोन पोलार्ड ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 162 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने सीरीज का पहला मैच 9 विकेट तथा तीसरा मैच 20 रन से जीता था, वहीं इंग्लैंड ने दूसरा मैच एक रन तथा चौथा मैच 34 रन से जीता था।

वर्ल्ड जाइंट्स ने जीता लीजेंड्स का खिताब

मस्कट, वर्ल्ड जाइंट्स ने ओमान में आयोजित लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे। टूर्नामेंट के फाइनल में वर्ल्ड जाइंट्स ने एशिया लॉयंस को 25 रन से हराया। मैच में वर्ल्ड जाइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 256 रन बनाये।

वर्ल्ड जाइंट्स के लिये कोरी एंडरसन ने 43 गेंदों में 94 रन, केविन पीटरसन ने 22 गेंदों में 48 रन बनाये। इसके जवाब में एशिया लॉयंस निर्धारित 20 ओवरों में 231 रन ही बना सकी। लॉयंस के लिये मोहम्मद यूसुफ ने 39 तथा सनथ जयसूर्या ने 38 रन बनाये। टूर्नामेंट में तीन टीमों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट की तीसरी टीम इंडिया महाराजा थी।

आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर

भारत के तीन खिलाड़ियों को मिली जगह

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा के बाद वर्ष 2021 के लिये तीनों फॉर्मेट के लिये अपनी टीम घोषित कर दी है। आईसीसी की मेंस टेस्ट टीम में तीन भारतीयों को जगह मिली है, जबकि वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम में एक भी भारतीय खिलाड़ी जगह नहीं बना सका।

रोहित, पंत और अश्विन टेस्ट टीम में शामिल

आईसीसी द्वारा घोषित मेंस टेस्ट टीम में भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा, विकेट कीपर ऋषभ पंत और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को जगह मिली है, पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन के बावजूद जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज टीम में जगह नहीं बना पाये। वहीं भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट टीम में शामिल नहीं हैं। विराट के बल्ले से लंबे समय से बड़ी पारी नहीं निकली है।

International Cricket Council

वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान बने बाबर

आईसीसी ने टेस्ट टीम के अलावा वन-डे और ट्वेंटी-20 टीमों की घोषणा भी की है। दोनों टीमों की कप्तानी पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को मिली है। इन दोनों टीमों में एक भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है।

जगह बनाने से चूके कोहली

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली लगातार आईसीसी मेंस टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूक गये हैं। इससे पहले विराट वर्ष 2016, 2017, 2018, 2019 में न सिर्फ आईसीसी मेंस टेस्ट टीम में चुने गये थे, बल्कि टीम के कप्तान भी बनाये गये थे। इसके अलावा विराट वर्ष 2017, 2018 और 2019 में आईसीसी मेंस वन-डे टीम के कप्तान भी बनाये गये थे।

आईसीसी मेंस टेस्ट टीम- दिमुथ करुणारत्ने, रोहित शर्मा, मार्नस लाबुशेन, जो रूट, केन विलियमसन, फवाद आलम, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, काइल जेमिसन, हसन अली और शाहीन शाह अफरीदी।

आईसीसी मेंस वन-डे टीम- पॉल स्टर्लिंग, यानेमन मलान, बाबर आजम, फखर जमान, रैसी वान डर डूसेन, शाकिब अल हसन, मुश्फिकुर रहीम, वानिंदु हसरंगा, मुस्तफिजुर रहमान, सिमि सिंह और दुश्मंथ चमीरा।

आईसीसी मेंस ट्वेंटी-20 टीम- जोस बटलर, मोहम्मद रिजवान, बाबर आजम, एडेन मार्क्रम, मिशेल मार्श, डेविड मिलर, तबरेज शम्सी, वानिंदु हसरंगा, मुस्तफिजुर रहमान और शाहीन शाह अफरीदी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन पर बैठक का प्रस्ताव पास

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन के मसले पर बैठक बुलाने के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के राजनयिक में अंतर्विरोध दिखाई दिए। दोनों देशों के राजनयिकों ने जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। रूस ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन में नाजियों को सत्ता में बैठा दिया है। जवाब में अमेरिकी लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि रूसी पक्ष के साथ 100 से ज्यादा बैठकें बेनतीजा समाप्त हो चुकी हैं। बैठक के लिए वोटिंग के दौरान भारत गैर हाजिर रहा। गेबॉन और केन्या ने भी वोटिंग नहीं की।

भारत से है 'गहरी दोस्ती' : इजरायली प्रधानमंत्री

इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने अपने देश के साथ संबंधों को लेकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बयान का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच 'गहरी दोस्ती' है। बेनेट ने दोनों देशों के बीच सहयोग के अवसरों को 'अंतहीन' बताते हुए अपने संदेश में कहा कि इजरायल व भारत के संबंध मजबूत हैं व समय के साथ-साथ और मजबूत होते रहेंगे।

बेनेट ने कहा, 'हम दोनों देशों के 30 वर्ष पुराने राजनयिक संबंधों, इन वर्षों की अद्भुत साझेदारी, गहरे सांस्कृतिक संबंध तथा सैन्य व आर्थिक सहयोग का सम्मान करते हैं।'

भारत ने 17 सितंबर, 1950 को इजरायल को मान्यता दे दी थी, लेकिन देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 29 जनवरी, 1992 को स्थापित हुए थे।

सीरिया ने इजराइली मिसाइल हमले को किया नाकाम

सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली ने राजधानी दमिश्क के पास एक क्षेत्र को निशाना बनाने वाली कुछ इजराइली मिसाइलों को गिरा दिया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने सैन्य स्रोतों का हवाला देते हुए कहा कि मिसाइलें पूर्वी लेबनान के आसमान की ओर से आईं और दमिश्क के नजदीकी क्षेत्रों में चौकियों को निशाना बनाया जिससे कुछ नुकसान हुआ। इस संबंध में अभी और कोई विवरण नहीं मिल सका है और इजराइल की ओर से भी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। दमिश्क में यह हमला तड़के करीब तीन बजे हुआ। इजराइल सीरिया पर ज्यादातर रात में ही हमले करता रहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग का 30वां स्थापना दिवस कार्यक्रम

देश के सभी महिला आयोगों को अपना दायरा बढ़ाना होगा और अपने राज्य की महिलाओं को नई दिशा भी देनी होगी : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। कार्यक्रम की थीम 'शी द चेंज मेकर' का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना निर्धारित की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, 30 वर्ष का पड़ाव, चाहे व्यक्ति के जीवन का हो या फिर किसी संस्था का, बहुत अहम होता है। ये समय नई जिम्मेदारियों का होता है, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का होता है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि बदलते हुए भारत में महिलाओं की भूमिका का निरंतर विस्तार हो रहा है। इसलिए राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका का विस्तार भी आज समय की मांग है। ऐसे में, आज देश की सभी महिला आयोगों को अपना दायरा भी बढ़ाना होगा और अपने राज्य की महिलाओं को नई दिशा भी देनी होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों से भारत की ताकत हमारे छोटे स्थानीय उद्योग रहे हैं, जिन्हें आज हम एमएसएमई कहते हैं। इन उद्योगों में जितनी भूमिका पुरुषों की होती है, उतनी ही महिलाओं की होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुरानी सोच वालों ने महिलाओं के स्किल्स को घरेलू कामकाज का ही विषय मान लिया था। देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए इस पुरानी सोच को बदलना जरूरी है। मेक इन इंडिया आज यही काम कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की इसी क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। परिणाम हमारे सामने है। आज मुद्रा योजना की लगभग 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं जब कुछ ठान लेती हैं तो उसकी दिशा नारी ही तय करती है। जिन सरकारों ने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, महिलाओं ने उन्हें सत्ता से हटाना सुनिश्चित किया है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि आज सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम कर रही है। दुष्कर्म के जघन्य मामलों में फांसी का प्रावधान किया गया है। देशभर में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई जा रही हैं और थानों में महिला डेस्क की संख्या बढ़ाना, 24 घंटे हेल्पलाइन, साइबर क्राइम से निपटने के लिए पोर्टल जैसे अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत

फरवरी में अफगानिस्तान भेजेगा गेहूं

- **दोनों देश सहमत, 50 हजार टन गेहूं भेजा जाएगा।**
- **भारत ने अफगानिस्तान को फिर भेजी तीन टन चिकित्सा सहायता।**

मानवीय संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान के लोगों की मदद के लिए भारत बाघा बार्डर के रास्ते पाकिस्तान होते हुए 50 हजार टन गेहूं अफगानिस्तान भेजेगा। फरवरी की शुरुआत में गेहूं भेजने की शुरुआत हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान ने महीनों की चर्चा के बाद इसके तौर-तरीकों पर सहमति जताई। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान में मानवीय संकट के कारण

अपवाद स्वरूप भारत को 50 हजार टन गेहूं को बाघा बार्डर के रास्ते परिवहन की अनुमति दी है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि गेहूं को अफगानिस्तान के ट्रकों में ले जाया जाएगा।

पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार ने एक साप्ताहिक समाचार ब्रीफिंग में बताया कि अब सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं और इस्लामाबाद पहली खेप की तारीख का इंतजार कर रहा है। राजनयिक सूत्रों ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून को बताया कि भारत फरवरी की शुरुआत में गेहूं भेजना शुरू कर सकता है। उधर एक और खबर के अनुसार भारत ने अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के हिस्से के रूप में तीन टन आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की चौथी खेप भेजी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के लोगों के साथ अपने विशेष संबंधों को जारी रखने और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यमन में

संघर्ष तेज होने की आशंका

मध्य पूर्व खास तौर पर यमन में संघर्ष तेज होने की आशंका बढ़ गई है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार हाउती विद्रोहियों के प्रवक्ता ने कहा कि अबूधाबी की तरफ जुल्फिकार मिसाइल एवं दुबई की तरफ ड्रोन दागे गए। इसके साथ ही प्रवक्ता ने और हमलों की चेतावनी दी है। बता दें कि इजरायल के राष्ट्रपति आइजक हरजोग के ऐतिहासिक दौरे के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यमन के हाउती विद्रोहियों द्वारा दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही नष्ट कर दिया।

यूएई की सरकारी एजेंसी डब्ल्यूएएम को जारी एक बयान में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि नष्ट की गई बैलिस्टिक मिसाइल के टुकड़े आबादी वाले क्षेत्रों के बाहर गिरे। पिछले हफ्ते भी यूएई ने हाउती विद्रोहियों की तरफ से राजधानी अबूधाबी की तरफ दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया था। ज्ञात रहे कि 17 जनवरी को हाउती विद्रोहियों ने अबूधाबी हवाईअड्डे व तेल गोदाम पर ड्रोन हमले किए थे, जिसमें दो भारतीय समेत तीन लोग मारे गए थे।

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 'यूएई की वायुसेना व गठबंधन कमान ने यमन के जावफ स्थित मिसाइल लॉन्चर को भी नष्ट कर दिया।' मंत्रालय ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया जिसमें कहा गया है कि यूएई किसी भी तरह के हमले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ब्राजील में

भूस्खलन-बाढ़ में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ी

ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में भारी बारिश से आयी बाढ़ और भूस्खलन में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 24 हो गयी। दमकलकर्मी मलबे में से शव को निकालने में लगे हुए हैं।

नागरिक रक्षा प्राधिकरण के एक बयान के अनुसार, ब्राजील के सबसे घनी आबादी वाले राज्य में सप्ताहांत जोरदार बारिश हुई और हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़ना पड़ा।

बारिश से करीब 27 शहर प्रभावित हुए हैं जिनमें से फ्रांको द रोचा शहर में सबसे अधिक संख्या में लोगों ने जान गंवाई है।

गवर्नर जोआओ डोरिया ने प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और इन शहरों को 28 लाख डॉलर की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

झांकी में

नागरिक उड्डयन मंत्रालय सर्वश्रेष्ठ मंत्रालय चयनित

गणतंत्र दिवस 2022 के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) की झांकी को सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय मंत्रालय की झांकी के रूप में चुना गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की झांकी में क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) और इससे होने वाले समृद्ध लाभांश को प्रदर्शित किया गया। मंत्रालय द्वारा परिकल्पित और एएआई की ओर से कार्यान्वित इस योजना का उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क को आर्थिक रूप से टिकाऊ और किफायती तरीके से बढ़ावा देना है। विमान के आकार की झांकी में सामने के हिस्से में भारत के विमानन में महिला शक्ति का चित्रण करते हुए महिला पायलटों को दिखाया, क्योंकि भारत विश्व स्तर पर महिला वाणिज्यिक पायलटों में सबसे ऊपर है। झांकी के पिछले हिस्से में बौद्ध धर्म के प्रतीक और उड़ान का आदर्श वाक्य। 'सब उड़ें, सब जुड़ें' दिखाया

गया। मध्य भाग गया में बुद्ध प्रतिमा की विशेषता वाले बौद्ध सर्किट को प्रदर्शित किया गया, जहां उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया, धमेख स्तूप, सारनाथ जहां उन्होंने अपना पहला उपदेश (धर्मचक्र परिवर्तन) दिया और महापरिनिर्वाण स्तूप, कुशीनगर जहां उन्होंने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया इन सबको दिखाया गया। झांकी के मध्य भाग के दोनों किनारों में धरोहर स्थलों को दर्शाया गया। इसमें उत्तर से हुमायूं का मकबरा, पूर्व में कोणार्क सूर्य मंदिर, दक्षिण में हम्पी मंदिर का रथ और पश्चिम में अजंता की गुफाएं दिखाई गई हैं, जो हवाई सेवाओं से जुड़ी हैं।

गौरतलब है कि 2016 में शुरू उड़ान योजना का उद्देश्य 'उड़े देश का आम नागरिक' की परिकल्पना का पालन करके टियर II और III शहरों में एक उन्नत विमानन बुनियादी ढांचे व हवाई संपर्क के साथ आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करना है।

7 वर्ष की छोटी अवधि में आज 403 उड़ान रूट 65 अनुपयुक्त/असेवित (जो सेवा में नहीं थे) हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिसमें हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रम (लैंडिंग और टेक ऑफ के लिए विमानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले खुले पानी का क्षेत्र) शामिल हैं तथा 80 लाख से अधिक लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। उड़ान योजना ने पहाड़ी राज्यों, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और द्वीपों सहित पूरे भारत के कई क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ पहुंचाया है।

ओस्लो वार्ता : अफगानिस्तान को मानवीय संकट से निकालने पर राजनयिकों ने दिया जोर

अफगानिस्तान में तालिबान का राज आने के बाद से वहां के हालात काफी खराब हुए हैं। ऐसे में अफगानिस्तान को मानवीय संकट से निकालने के लिए दुनिया भर के देश अपनी-अपनी ओर से कोशिश कर रहे हैं। **बीते 24 जनवरी को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों के साथ तालिबान के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस वार्ता में अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ और नॉर्वे के प्रतिनिधि मौजूद रहे।** उन्होंने अफगानिस्तान की स्थिति पर चर्चा की साथ ही अफगानिस्तान में मानवीय संकट को दूर करने पर जोर दिया।

एक संयुक्त बयान में पश्चिमी देशों के राजनयिक ने अफगानिस्तान के मानवीय हालात पर बयान देते हुए कहा कि अफगानिस्तान के मानवीय संकट को दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। ताकि अफगान लोगों की पीड़ा को कम किया जा सके। इस दौरान अफगानिस्तान के मानवीय कार्यकर्ताओं, महिला और पुरुषों के लिए उठाए गए कदमों में राहत देने की बात कही गई। साथ ही वहां के हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए पाबंदियों को हटाने पर जोर दिया गया।

ओस्लो में बैठक के दौरान, राजनयिकों ने यह स्पष्ट किया कि तालिबान के साथ उनकी बैठक में सितंबर 2021 में बैठक के दौरान अफगानिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की वृद्धि को रोकने, मनमाने ढंग से लोगों को हिरासत में रखना, मीडिया पर कार्रवाई, हत्याएं, महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा पर अत्याचार जैसे मुद्दों को उठाया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।